

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



प्रियंका व्हाइट गाउन में .......



बैटल ऑफ गलवाल का बदला.....

वर्ष : 12 | अंक : 84 | लखनऊ, 18 मार्च, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### केसी त्यागी ने जदयू से दिया इस्तीफा



**पटना।** पिछले कुछ दिनों से अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोल कर चर्चा में रहने वाले केसी त्यागी ने जदयू से इस्तीफा दे दिया है। त्यागी ने अपना इस्तीफा सोशल मीडिया पर शेयर कर साफ किया है कि वो जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं और आगे सदस्यता नहीं लेंगे। इस्तीफे में केसी त्यागी ने अपने भविष्य का प्लान भी बताया है। लिखा है कि 22 मार्च को वो अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे।

### रौनक ने एमयूएन जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि संकाय के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र रौनक उपमन्यु ने राष्ट्रीय स्तर पर जीएलए की श्रेष्ठ विधि शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक गुणवत्ता की ऐसी छाप छोड़ी है, जो एक मिसाल बनी है। छात्र रौनक ने अब तक देशभर के प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली में पांचवीं बार लगातार एमयूएन जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### सपा के राष्ट्रीय सचिवपर धमकी देने का केस



**गोरखपुर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव और गोरखपुर की चिल्लूपार सीट से पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ बड़हलगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर ने सोमवार को धमकी देने का केस दर्ज कराया। उन्होंने मोबाइल की वॉयस रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। बड़हलगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नहीं रहीं दिग्गज अभिनेत्री बहल



**नई दिल्ली।** कंगना रनौत संग फिल्म 'क्वीन' में नजर आ चुकी दिग्गज एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन हो गया है इस बात की जानकारी उनके कानू बहल ने पोस्ट शेयर कर दी है. मां को याद करते हुए उन्होंने एक भावुक संदेश लिखा। इसके बाद से ही इंडस्ट्री के लोग भी उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।उनकेदुनिया से जाने की पुष्टि उनके ही बेटे फिल्म निर्माता कानू बहल ने की है।

### भूकंप के तेज झटके से कांपा मणिपुर



**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। विधानसभा में चल रहे बजट सत्र को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। यह कंपन दोपहर करीब 12:08 बजे हुआ, जब कांग्रेस विधायक दल के नेता के. मेघचंद्र, जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए 'जल जीवन मिशन' पर एक प्रस्ताव पेश कर रहे थे।

### गोवा के समुद्र तटों पर डूबने से बचे 5 लोग



**पणजी।** गोवा के अलग-अलग समुद्र तटों और दूधसागर जलप्रपात पर साप्ताहांत के दौरान 5 लोगों को डूबने से बचाया गया। जीवनरक्षक एजेंसी नेबताया कि दक्षिण गोवा के एक समुद्र तट पर आवारा कुत्तों के काटने के बाद 3अन्य लोगों को भी तुरंत मेडिकल सहायता दी गई।

---

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना**

# अयोध्या में राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारियां पूरी 18 मार्च की रात से लागू होगा रूट डायवर्जन

अयोध्या में 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन योजना लागू की है।

**अमन लेखनी समाचार/ अयोध्या,**

19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस बीच राष्ट्रपति के अयोध्या आगमन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना के मद्देनजर प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन योजना लागू की है।

जारी निर्देशों के अनुसार 18 मार्च की रात 11 बजे से 19 मार्च को कार्यक्रम समाप्ति तक, अयोध्या की ओर जाने वाले मालवाहक वाहन,




ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम समेत भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### इन मार्गों से होगा डायवर्जन

संतकबीरनगर और बस्ती से अयोध्या आने वाले भारी वाहनों को घनघटा, बिड़हल घाट, रामनगर से मोड़कर न्यौरी-जलालपुर होते हुए मालीपुर-सुरहुरपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भेजा जाएगा। गोरखपुर से आने वाले वाहनों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा। आजमगढ़ व बसखारी से आने वाले भारी वाहन न्यौतरिया बाईपास, गोहन्ना चौराहा, अकबरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गुजरेंगे।

#### अम्बेडकरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भी रहेगा प्रतिबंध

अम्बेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के सम्हरिया चौराहा से सेवागंज बैरियर के रास्ते अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अहिरौली थाना क्षेत्र के यादव नगर तिराहा से आने वाले वाहन महरुआ होते हुए टांडा-रायबरेली मार्ग से भेजे जाएंगे।

#### अकबरपुर शहर में विशेष व्यवस्था

अकबरपुर में भारी वाहनों को तहसील तिराहा से डायवर्ट कर शहजादपुर व गोहन्ना बाईपास से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर भेजा जाएगा। वहीं मालीपुर रोड, जलालपुर रोड, बसखारी रोड, टांडा रोड , पहतीपुर मोड़, दोस्तपुर रोड और अन्नावा तिराहा सहित कई स्थानों पर डायवर्जन प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने वाहन चालकों से कहा कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें।

---

**रिटायरमेंट के बाद मिलेगी बेहतर आर्थिक सुरक्षा**

# योगी सरकार ने यूपी के ढाई लाख कर्मियों को दी बड़ी खुशखबरी, अब 25 लाख ग्रेच्युटी

उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षकों और सहायता प्राप्त स्कूलों के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी है। इस फैसले से करीब 2.5 लाख कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिलेगी...

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,**

योगी आदित्यनाथ सरकार ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी है। आदेश के अनुसार लगभग ढाई लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ता और वेतन समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला उनके लिए राहत भरा माना जा रहा है।

### वेतन समिति की सिफारिशों के बाद संशोधन



इस फैसले से न सिर्फ कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले स्टाफ की कार्यप्रणाली और सेवा के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा। योगी सरकार ने इसे शिक्षा क्षेत्र में सुधार और कर्मचारियों की भलाई के लिए अहम कदम माना है। ग्रेच्युटी बढ़ाने का यह फैसला कर्मचारियों के लिए राहत और उत्साह का कारण बनेगा। इससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

### ग्रेच्युटी में 5 लाख रुपए का इजाफा

सरकार ने ग्रेच्युटी की राशि में कुल 5 लाख रुपए का इजाफा किया है। नए नियम के तहत महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होने पर अधिकतम ग्रेच्युटी की सीमा 25 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इससे कर्मचारियों को लंबे समय तक सेवा देने के बाद बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। यह बदलाव वेतन समिति 2016 की सिफारिशों के बाद किया गया है। इसके साथ ही पेंशन और उपादान नियमों में भी संशोधन किया गया है। यह संशोधन शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अहम माना जा रहा है। 16 मार्च के शासनादेश के तहत लाभार्थीअशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों के लिए यह कदम सरकार की ओर से एक बड़ा राहतभरा निर्णय है। इससे कर्मचारियों में आत्मविश्वास और संतुष्टि बढ़ेगी. शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय कर्मचारियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित था। पिछले कई वर्षों से ग्रेच्युटी सीमा को बढ़ाने की मांग की जा रही थी। अब इस फैसले के बाद कर्मचारियों को भविष्य में वित्तीय असुरक्षा की चिंता कम होगी।

### अब हर अंडे पर लिखी होगी एक्सपायरी डेट, 1 अप्रैल से नियम लागू



**लखनऊ।** अगर आप अंडे खाते हैं तो ये खबर खास आपके लिए है। बहुत जल्द हर अंडे पर आपको उसकी एक्सपायरी डेट लिखी हुई मिलेगी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1 अप्रैल से अंडे का कारोबार करने वालों के लिए हर अंडे पर उसकी एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही अंडों पर वह तारीख भी लिखी हुई मिलेगी, जिस दिन मुर्गी ने उन्हें दिया गया था। पशुपालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों और मुर्गी पालन करने वालों को अनिवार्य तौर पर इस नियम का पालन करना होगा।

---

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का ऐलान**

# यूपी के सभी 18 मंडलों में बनेगा आधुनिक ट्रॉमा सेंटर



**अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,**

उत्तर प्रदेश में हादसे में घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में अहम कदम उठाया जाएगा। यूपी के सभी 18 मंडलों में आधुनिक ट्रॉमा सेंटर विकसित किया जाएगा। ताकि गंभीर मरीजों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर की तरफ रुख न करना पड़े। इससे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों का दबाव कम होगा। मरीज को समय पर बेहतर इलाज भी मिल सकेगा। ये बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहीं।

### सभी कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा

मंगलवार को केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में ट्रॉमा एंड इमरजेंसी केयर रोडमैप फॉर ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क विषय पर कार्यशाला हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहाकि पांच साल पुराने सभी कॉलेजों में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग खोला जाएगा। इससे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। वहीं लेवल एक के ट्रॉमा सेंटर प्रत्येक मंडल में बनाया जाए। इसके तहत प्रमुख हाईवे, शहर में ट्रॉमा सेंटरों का नेटवर्क तैयार किया जाए। ताकि घायलों को गोल्डन आवर में इलाज मुहैया कराकर जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के एमबीबीएस डॉक्टरों को ट्रॉमा केयर में प्रशिक्षण दिया जाए। छह माह के प्रशिक्षण के बाद उन्हें डिप्लोमा या सर्टिफिकेट प्रदान किया जाए। इस प्रमाण पत्र को वैद्यानिक मान्यता भी दी जाए।

### दवाओं के साथ सिम्पैथी की जरूरत

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि डॉक्टर अपने दायित्वों को समझें। मरीज को परिवार के सदस्य की तरह मानकर इलाज करें। मरीजों को केवल दवाएं ही नहीं, बल्कि सहानुभूति और संवेदनशील व्यवहार भी चाहिए। आयुर्वेद, होम्योपैथिक और एलोपैथिक इलाज के साथ सिम्पैथी भी मरीज को जल्दी ठीक होने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि भले ही सभी की जिम्मेदारियां अलग-अलग हों लेकिन मकसद एक ही है, मरीज की जान बचाना और उसे बेहतर इलाज देना।

---

**राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से 'धोखा' पर 'माननीयों' पर सख्ती**

# 3 विधायकों को पार्टी से किया निलंबित तो 5 से किया जाएगा जवाब तलब, भेजा नोटिस




**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

ओडिशा में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते हारने वाली कांग्रेस ने अब बागी विधायकों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के पक्ष में वोट देने वाले तीन विधायकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित विधायकों में शामिल हैं, सनाखेमुंडी से रमेश चंद्र जेना, मोहाना से दसरथी गोमांगो, कटक से सोफिया फिरदौस। इन विधायकों ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी की हिदायत के बावजूद दिलीप रे के पक्ष में वोट दिया। ओडिशा कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कांग्रेस को धोखा देने वालों ने देश के साथ विश्वासघात किया है।' ओडिशा कांग्रेस के मीडिया सेल प्रभारी अरबिंद दास ने बताया कि निर्णय समीक्षा के बाद लिया गया। इन विधायकों ने चुनाव में कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया और अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कराई जाएगी।

**हाईकमान ने इसे बताया जरूरी, सदस्यता खतरे में**

### ओडिशा में 3 पर की कार्रवाई और हरियाणा में शोकॉज जारी किया

### इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत इन लोगों को विधानसभा से बहर किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हाईकमान ने इस कदम की सराहना की है और यह जरूरी भी था।

#### विपक्षी दल बीजेडी का भी हिस्सा

ओडिशा में विपक्ष के साझा उम्मीदवार दत्तेश्वर होता की हार में भी भूमिका रही। बीजेडी के 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। होता को बीजेडी ने उतारा था, जबकि कांग्रेस ने उनके समर्थन की घोषणा की थी। कांग्रेस का मानना है कि इस तरह का ऐक्शन बिहार और हरियाणा में भी लिया जा सकता है। बिहार में विपक्षी उम्मीदवार को हार मिली, जबकि वह आसानी से जीत सकता था।

#### फिरदौस निलंबित

ओडिशा में 3 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया। कांग्रेस बीजद के संयुक्त उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता को हार का सामना करना पड़ा। इस पर फिरदौस को सस्पेंड कर दिया।

#### हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुर्जर ने इस्तीफा दिया



हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रामकिशन विधायक शैली चौधरी के पति हैं। सोशल मीडिया पर शैली चौधरी के क्रास मतदान करने की चर्चा है। हालांकि अभी कांग्रेस की ओर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। हुड्डा का कहना है कि हाई कमान को उनके नाम बता दिए गए हैं। 2 से 3 दिन में सभी नाम सार्वजनिक हो जाएंगे। गुर्जर ने कहा कि शैली चौधरी ने क्रॉस वोट नहीं किया बल्कि उनको बदनाम करने की नीयत से उनका नाम उछाला जा रहा है इस लिए विरोध स्वरूप मैं पार्टी पद से इस्तीफा देता हूं। वहीं बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि मेरा दिल, दिमाग और आत्मा दुखी है। कांग्रेस में भ्रष्ट लोगों की कदर है। कांग्रेस में रहने पर वत्स ने कहा कि वक्त बताएगा।

### हरियाणा में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों से मांगेंगे जवाब



राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर कांग्रेस नरमी के मूड में नहीं है। कांग्रेस क्रॉस वोटिंग के आरोपी विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने वाली है। कांग्रेस महासचिव और हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने इस बारे में जानकारी दी।

#### 5 विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग

भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध को हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस के 5 विधायकों ने कथित तौर पर 'क्रॉस-वोटिंग' की। अगर एक और कांग्रेस विधायक निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में 'क्रॉस-वोटिंग' करता तो नांदल भाटिया के 11 द्वितीय वरीयता वोट हासिल कर 28 तक पहुंच सकते थे। अपनी पार्टी के 5विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से कहाकि कांग्रेस के साथ विश्वासघात करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नब्बे सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक, कांग्रेस के 37, इनेलो के दो विधायक हैं और तीन निर्दलीय विधायक हैं।

#### हुड्डा ने हाईकमान को सौंपे नाम: कांग्रेस से बाहर जाएंगे 9 विधायक

**पंचकूला।** हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में मात्र 0.34 मतों के अंतर से जीती कांग्रेस में अंदरूनी कलह बढ़ गई है। विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पार्टी के उन नौ विधायकों के नाम कांग्रेस हाईकमान को सौंप दिए हैं, जिनके वोट निरस्त और क्रॉस हुए हैं। कांग्रेस हाईकमान एक-एक कर इन विधायकों से जवाबतलबी करने के बाद पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। कांग्रेस पार्टी के साथ दगा करने वाले विधायकों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

#### गद्दारी करने वाले को नहीं बख्शेंगे

हुड्डा ने कहा है कि पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले किसी भी विधायक को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे विधायकों की आने वाली पीढ़ियां भी उन्हें याद रखेंगी। इन तेवरों से साफ नजर आ रहा है कि वे विधायकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे। जिनपर क्रॉस वोटिंग व वोट निरस्त कराने का आरोप है।

---

**एलपीजी प्रयोग में किफायत बरतें**

# घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें, घर पर ही मिलेगा रसोई गैस सिलिंडर




**पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने की अपील**

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रमों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पैदा हुई चिंताओं के बीच पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ऊर्जा सुरक्षा पर स्पष्ट किया है कि वर्तमान में देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार ने देश में आमजन से एलपीजी के मसले पर अफवाहों से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा नेलोगों से अपील करते हुए कहा कि घबराएं नहीं और पैनिक न करें।

बुकिंग के बाद उनके घर पर ही मिलेगा सिलिंडर की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे एलपीजी के इस्तेमाल में किफायत बरतें और संभव तो हो पीएनजी का इस्तेमाल शुरू करें। भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला, नागरिकों की सुरक्षा और बाजार स्थिरता को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहा है, वहीं पेट्रोलियम और शिपिंग मंत्रालयों ने घरेलू स्तर पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स के सुचारू संचालन का भरोसा दिया है। आपूर्ति को बाधित करने वाले तत्वों पर भी देशव्यापी कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### पेट्रोल और डीजल देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

ऊर्जा आपूर्ति और कूटनीतिक पहल पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्राकृतिक गैस की खपत को लेकर उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों के तहत कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं का पीएनजी में शिफ्ट होना अधिक फायदेमंद होगा।

**केंद्र ने हाईकोर्ट को बताया**



### संकट से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे

केंद्र सरकार ने मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच को सूचित किया कि वह एलपीजी संकट से निपटने के लिए उपचारात्मक उपाय कर रही है। ताकि ईरान-इजराइल युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई कमी के असर से भारत प्रभावित न हो। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अनिल एस किलोर और राज डी वाकोडे की पीठ को बताया कि बातचीत चल रही है और सरकार अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रही है।

# बिजली कटौती ने बढ़ाई लोगो की परेशानी

## गैस संकट के बीच महिलाओं की दिनचर्या प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



दुकान और ठेले से लेकर घरों तक बदला परिवेश

मोहनलालगंज। गैस संकट के बीच अब बार-बार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी खासकर घर की महिलाओं को रसोई और घरेलू कामकाज में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा, , सोमवार को मोहनलालगंज कस्बे समेत आसपास के इलाकों में बिजली करीब आठ बार गुल हुई जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित रही। मंगलवार को भी मरम्मत के नाम पर कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही घर की महिलाओं का कहना कि पहले से ही गैस संकट के कारण खाना बनाने में परेशानी हो रही कई घरों में मजबूरी में चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा ऐसे में बिजली की लगातार कटौती ने परेशानी को और बढ़ा दिया, , महिलाओं ने बताया कि गैस न मिलने से पहले ही काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थीं अब बिजली भी बार-बार चली जा रही इससे रसोई का काम पानी भरना और अन्य घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे स्थानीय लोगों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कहा कि गैस संकट के बीच कम से कम बिजली की आपूर्ति नियमित रखी जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके,

# गोरखपुर से 22 मार्च को चुनावी बिगुल फूंकेगी निषाद पार्टी

**वाराणसी से लेकर मेरठ तक की बन गई रणनीति**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बिसात बिछना शुरू हो गया है। भाजपा के सहयोगी दलों ने अपने चुनाव अभियानों पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। सुभासपा आजमगढ़ और महाराजगंज में बड़े आयोजन कर इसकी शुरूआत कर चुकी है और अब निषाद पार्टी 22 मार्च को गोरखपुर में बड़ी रैली कर चुनावी बिगुल फूंकने जा रही है।

पार्टी कोशिश संगठन के विस्तार के साथ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर दावेदारी की है। इसके लिए गोरखपुर के बाद वाराणसी, प्रयागराज और मेरठ क्षेत्रों में भी रैली के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन की रणनीति है। साथ में 88 जिलों में पार्टी ने प्रभारी नियुक्त पर संगठन को भी सक्रिय कर दिया है। गोरखपुर स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क में होने वाली पहली रैली के लिए संगठन की ओर से बड़ी तैयारी की जा रही है। इसमें प्रदेश भर से कार्यकताओं-समर्थकों को बुलाया जा रहा है, जिससे भीड़ जुटाकर अपनी मजबूती का संदेश दिया जा सके। वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में निषाद पार्टी ने एनडीए गठबंधन में 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था और छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद से पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद लगातार अपने जनाधार और प्रभाव क्षेत्र के विस्तार की कोशिश में लगे हुए हैं। चुनावी अभियान की शुरूआत में तय किए गए कार्यक्रमों, विशेष मेरठ की प्रस्तावित रैली से साफ है कि पार्टी नई जमीन भी तलाश रही है। अब चुनाव से पहले पार्टी मझवार-तुरैहा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कराने की मांग को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। इसे लेकर दो बार मछुआ एससी संवैधानिक अधिकार यात्रा भी निकाली जा चुकी है। रैलियों में सबसे ज्यादा जोर इसी मांग पर रहेगा, इसके साथ खनन, बालू घाटों पर पुश्तैनी अधिकार, वर्ग-3 की भूमि का पुनः आरक्षण और विमुक्त जाति के अधिकार बहाली जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी की रणनीति दोहरे लक्ष्य पर केंद्रित है। अपने प्रमुख वोट बैंक को तो चुनावी अभियान में साधा ही जाएगा, शक्ति प्रदर्शन के सहारे गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे में ज्यादा हिस्सेदारी का भी आधार तैयार किया जाएगा।

# खेल जीवन को संतुलित व अनुशासित बनाने का प्रभावी साधन : धामी

**देहरादून**। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने बताया कि नियमित खेल गतिविधियां न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाती हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती हैं।

राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से प्रकाशित स्मारिका प्रयास बेहतर कल के लिए का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्लब की पूरी टीम और संपादकीय समूह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से कार्यस्थल पर उत्साह, रचनात्मकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खेलों के माध्यम से व्यक्ति में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे गुण स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि बेहतर स्वास्थ्य के साथ कार्य में दक्षता और एकाग्रता भी बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालयों में खेलों को बढ़ावा देने से आपसी सामंजस्य मजबूत होता है और सकारात्मक कार्य संस्कृति का निर्माण होता है। राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, खेल मैदानों के उन्नयन तथा खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्मारिका की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें संकलित अनुभव और उपलब्धियां प्रेरणादायक हैं, जो युवाओं और कर्मचारियों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रकाशन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और



आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में क्लब की वर्तमान गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। क्लब द्वारा नियमित प्रतियोगिताएं और अभ्यास सत्र आयोजित कर कर्मचारियों को सक्रिय रूप से खेलों से जोड़ा जा रहा है, जिससे आपसी तालमेल और सौहार्द में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय, क्लब अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रधान संपादक भूपेंद्र सिंह बसेड़ा, महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन बिष्ट, संयुक्त सचिव पुष्कर सिंह नेगी सहित कई अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सिलेंडर की कालाबाजारी में लिप्त 12 एलपीजी वितरकों व 74 लोगों के विरुद्ध एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

- कार्रवाई के दौरान 11 गिरफ्तार एवं 85 व्यक्तियों के खिलाफ हुई अभियोजन की कार्रवाई

**लखनऊ**। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12 से 17 मार्च तक पूरे प्रदेश में 5813 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 12 एफआईआर दर्ज कराई गईं, जबकि कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 74 एफआईआर दर्ज हुई हैं। कार्रवाई के दौरान 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 85 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। यह अभियान लगातार जारी है और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार की इस सख्ती के बीच आपूर्ति व्यवस्था भी नियंत्रण में है। प्रदेश के 4108 एलपीजी गैस वितरकों के यहां बुकिंग के सापेक्ष उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वितरकों के पास गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकता के अनुसार घरेलू एलपीजी रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के लिए भारत सरकार द्वारा कुल खपत के 20 प्रतिशत आवंटन की अनुमति भी दी गई है, जिससे बाजार में संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है। पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है और सामने आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल में भी खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जनपद स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित कर उन्हें सक्रिय रखा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्थिति पर लगातार नजर बनी रहे।

# राजस्व बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी किये नामित

**लखनऊ**। सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशालय स्तर पर मदवार नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। साथ ही प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले जनपदों में राजस्व प्राप्ति की गहन समीक्षा के लिए भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। निर्देश दिए हैं कि संबंधित राज्य के परिवहन प्रपत्र जारी होने के समय ही उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आईएसटीपी की धनराशि जमा करायी जाये, जिससे राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त विभागीय अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अवैध रेत खनन की निगरानी में उपयोग की जा रही आईटी एवं आईओटी आधारित प्रणालियों के अध्ययन हेतु विभागीय टीम को गुजरात भेजा गया , जबकि ऑनलाइन मार्केट सिस्टम की कार्यप्रणाली के अध्ययन के लिए तेलंगाना में अध्ययन दल भेजा गया, इन राज्यो से प्राप्त अनुभवो का उपयोग उत्तर प्रदेश के खनन राजस्व मे बढ़ोत्तरी व खनन मे पारदर्शिता व निगरानी के लिए किया जा रहा है,साथ ही खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से आयोजित केंद्रीय जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक तथा छत्तीसगढ़ में आयोजित केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक में भी विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता कर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किये हैं।

# सीएचसी पर पहुंचे डिप्टी सीएम, सफाई एजेंसी को नोटिस

## एक हफ्ते का भुगतान रोकने के निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं






अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को लखनऊ में चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में औचक निरीक्षण एवं मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद मंगलवार को सीतापुर के सिधौली सामुदायिक केंद्र पहुंचे।

गंदगी एवं पेयजल व्यवस्थाओं को देखकर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जाहिर की। अफसरों से कहा कि जब तक केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार न आए, वे केंद्र न छोड़ें। यहां उन्होंने चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं को लेकर केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने मरीजों से उनका हाल-चाल जाना एवं केंद्र में आए लोगों से व्यवस्थाओं एवं उनकी चिकित्सकीय आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। केंद्र में गंदगी को देखकर डिप्टी सीएम भड़क उठे। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। संबंधित एजेंसी को नोटिस एवं एक सप्ताह का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। एक्स-रे के लिए मरीजों की लंबी लाइन देख कर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। जनरेटर ऑन करवाकर एक्स-रे शुरू कराया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भाजपा सरकार में लॉ एंड आर्डर खत्म हो गया है : अखिलेश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। अब भाजपाई आस्तीनी अपराधी ही भाजपा सरकार का एनकाउंटर कर रहे हैं, जिन्हें भाजपाइयों ने भूमिगत तरीके से पाला-पोसा है। गोरखपुर में पूर्व पार्षद की हत्या को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेखौफ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। महिलाएं, बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में गुण्डों, माफियाओं और दबंगों की गुण्डई चल रही है। भाजपा राज में प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। सरकार का कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो है। भेदभाव चरम पर है। इस सरकार ने उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल है। मुख्यमंत्री जी के पास झूठे दावों के अलावा कुछ नहीं है। प्रदेश में हर दिन हत्या, लूट समेत अपराध की तमाम घटनाएं हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है. लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार ने अपना रंग दिखा दिया। अभी तो ग्रीन कॉरिडोर के उद्घाटन में सजे फूल भी नहीं सूखे थे, जो 2-3 दिन पहले ग्रीन था, अब विलीन हो गया. अब भाजपा सरकार खुद से वसूली करवाएगी या खुद पर बुलडोजर चलवाएगी? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा महा-भ्रष्टाचार का अड्डा है। इस सरकार में हर काम और हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन में बजट की लूट और पानी की टंकियां के ढहने को प्रदेश की जनता पहले ही देख चुकी है। भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा दिया है।

# नवरात्र के पहले दिन बेटियों का होगा सम्मान

अमन लेखनी समाचार

- बॉक्सिंग विश्व चैंपियन मैरी कॉम कल बेटियों को करेंगी सम्मानित
- गांव की महिलाओं ने बनाई रिसाइकिल प्लास्टिक की गुड़िया

**लखनऊ**। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशा के अनुरूप नवरात्र के पहले दिन बागपत में बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिलेगा। छह बार की बॉक्सिंग विश्व चैंपियन मैरीकॉम नन्ही कली कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को सम्मानित करेंगी। गांव की महिलाओं की ओर से रिसाइकिल प्लास्टिक से तैयार की गई गुड़िया नन्ही कली इस पहल का केंद्र है। इसके जरिए पर्यावरण संरक्षण, महिला आत्मनिर्भरता और ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे योगी सरकार के अभियानों को नई मजबूती मिलेगी।



नवरात्र को नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में मनाने की तैयारी है। ऐसे में नन्ही कली पहल सीधे तौर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़ रही है। यह कार्यक्रम सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति अभियान को और मजबूती देगा। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि इस गुड़िया की खासियत है कि इसमें रुई या स्पंज की जगह बेकार प्लास्टिक बोतलों से बने बारीक फाइबर का उपयोग किया गया है। यह न सिर्फ प्लास्टिक कचरे की समस्या का समाधान है, बल्कि कचरे से कंचन की सोच को भी साकार करता है। नन्ही कली गुड़िया ग्रामीण महिलाओं की कपड़ों के टुकड़ों और पुनर्चक्रित सामग्री से तैयार की जा रही है। यह पहल महिलाओं को रोजगार देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। साथ ही, यह ह्यवोकल फॉर लोकल को भी मजबूत करती है। कार्यक्रम में मैरी कॉम की मौजूदगी युवाओं और खासकर बेटियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनेंगी। वह बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के जीरो वेस्ट विजन के तहत शुरू हुई यह पहल अब बागपत को नई पहचान दिलाने की ओर बढ़ रही है। नन्ही कली केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि पर्यावरण, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन चुकी है।

# चेहरा पहचान प्रणाली से आंगनबाड़ी केंद्रों में बढ़ा अनुपूरक पुष्टाहार वितरण

- फरवरी में 81 लाख लाभार्थियों तक एफआरएस से पहुंचा पुष्टाहार
- डिजिटल निगरानी से पारदर्शिता बढ़ी, फजीवाड़े पर रोक लगने से उचित लाभार्थियों को फायदा

**लखनऊ**। प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए लागू की गई चेहरा पहचान प्रणाली यानी एफआरएस के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। फरवरी में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ लाभार्थियों में से 81 लाख लाभार्थियों को इस डिजिटल प्रणाली के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के तहत प्रदेश में एफआरएस प्रणाली से ही पुष्टाहार वितरण को मान्यता दी गई है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही एफआरएस से पुष्टाहार वितरण का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। योगी सरकार में न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि पोषण का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक ही पहुंचे।

प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार के लगभग 1 करोड़ लाभार्थी हैं। इनमें छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डिजिटल व्यवस्था को तेजी से अपनाते हुए फरवरी में करीब 81 प्रतिशत लाभार्थियों तक पुष्टाहार पहुंचाया। इस तरह फरवरी में लगभग 81 लाख लाभार्थियों को फेस रिकॉग्निशन प्रणाली के माध्यम से पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। विभाग के अनुसार यह उपलब्धि पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संकेत है। प्रदेश सरकार पोषण योजनाओं के दायरे को लगातार व्यापक बना रही है।

इसी क्रम में आठ जनपदों में किशोरियों को भी अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्तमान माह में भी एफआरएस प्रणाली के माध्यम से वितरण की प्रगति संतोषजनक है और उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च महीने में लाभार्थियों तक पहुंचने का प्रतिशत फरवरी की तुलना में और बेहतर होगा।

# प्रदेश में गौ कल्याण, सड़क, खेती और विरासत को मिल रहा सीधा लाभ

अमन लेखनी समाचार

- सरकार का मॉडल, टैक्स से सीधे जनहित तक हर रुपये का उद्देश्य

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में एक स्पष्ट और व्यावहारिक बदलाव किया है। अब टैक्स को केवल राजस्व इकट्ठा करने का माध्यम नहीं माना जा रहा, बल्कि उसे सीधे किसी खास उद्देश्य से जोड़कर खर्च किया जा रहा है। सरल शब्दों में समझें तो कौन सा पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, यह अब स्पष्ट दिख रहा है। यह मॉडल इसलिए खास है क्योंकि आम नागरिक अब आसानी से समझ सकता है कि उसका दिया हुआ टैक्स किस काम में लग रहा है। इस पूरी नीति का सीधा मतलब है कि टैक्स अब सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि विकास का साधन बन चुका है। उत्तर प्रदेश ने दिखाया है कि अगर योजना स्पष्ट हो, तो हर रुपये का सही उपयोग करके समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति तीनों को एक साथ मजबूत किया जा सकता है।

राज्य सरकार ने आबकारी से जुड़े राजस्व पर 0.5% का गौ कल्याण सेस लगाया है। यह टैक्स शराब की बिक्री से जुड़ा है। आम उपभोक्ता पर इसका बहुत कम असर पड़ता है, लेकिन पूरे राज्य से यह मिलकर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाता है। इस पैसे को सीधे आवारा गोवंश की देखभाल में खर्च किया जाता है। प्रदेश में बने गोवंश आश्रय स्थल में हजारों पशुओं को रहने, खाने और इलाज की सुविधा मिल रही है। दरअसल, कृषि में मशीनों के बढ़ते उपयोग के कारण किसानों की पशुओं पर निर्भरता कम हुई है, जिससे आवारा पशुओं की समस्या बढ़ी। अब इस सेस के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश ने एक और स्पष्ट नीति अपनाई है और वो ये कि जिस सेक्टर से राजस्व आता है, उसी सेक्टर के विकास में उसका उपयोग किया जाता है। इसे आसान भाषा में ऐसे समझा जा सकता है। संपत्ति की खरीद-फरोख्त से मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी का उपयोग काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट में किया जा रहा है। इससे पर्यटन बढ़ रहा है, रोजगार मिल रहा है और विरासत सुरक्षित हो रही है। खनन से मिलने वाला पैसा गांवों में सिंचाई और जल प्रबंधन सुधारने में लगाया जा रहा है, जिससे किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से मिलने वाला टोल छोटी सड़कों (फीडर रोड) के निर्माण में खर्च हो रहा है, जिससे दूर-दराज के गांव भी मुख्य सड़कों से जुड़ रहे हैं। मंडी से मिलने वाली फीस का उपयोग फसल सुरक्षा और किसान योजनाओं में किया जा रहा है। अब लोगों को साफ दिखता है कि शराब की बिक्री से मिला पैसा गो कल्याण में लग रहा है। टोल टैक्स का पैसा सड़क और कनेक्टिविटी में, प्रॉपर्टी टैक्स का पैसा धार्मिक और पर्यटन विकास में निवेश हो रहा है।

# देश में राष्ट्र प्रथम का भाव एवं पंच परिवर्तन का स्वभाव बनेः प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ : अवध प्रान्त के प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह एवं सह प्रांत कार्यवाह संजय सिंह ने समालखा हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संदर्भ में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मीडिया सेंटर विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में बैठक में संगठन कार्य के विस्तार, राष्ट्र हित में समाज की सज्जनशक्ति की सक्रिय भागीदारी एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि बैठक में संत शिरोमणि सद्?गुरु श्री रविदास जी के 650 वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा एक वक्तव्य जारी किया गया है, इसमें कहा गया है कि वर्तमान में जब विभिन्न विभाजनकारी शक्तियां समाज को वर्ग और जाति के आधार पर विभाजित करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं तब संत रविदास जी के जीवन संदेश के मर्म को समझते हुए समाज की एकात्मकता के लिए कार्य करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में महापुरुषों के श्रेष्ठ कार्यों को जाति और पंथ के भेदभाव से ऊपर उठकर स्वीकार करना चाहिए। देश में राष्ट्र प्रथम का भाव एवं पंच परिवर्तन का स्वभाव बने, इसी भाव भावना से संघ के स्वयंसेवकों ने सिख परम्परा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के बलिदान के 350वें वर्ष के अवसर पर देशभर में 2000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। अवध प्रांत में भी 24 स्थानों पर 24 कार्यक्रम सम्पन्न हुए, जिसमें 10000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। सह प्रान्त कार्यवाह संजय सिंह जी ने बताया कि विगत विजयादशमी से देश भर में अधिक संख्या में सम्पन्न उत्सवों के साथ ही शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम प्रारंभ हुए। इन विविध कार्यक्रमों में कार्यकताओं की व्यापक योजना एवं परिश्रम के अनुसार सर्वत्र सफलता मिली। समाज बंधुओं ने उन्हें सहर्ष तथा हृदयपूर्वक स्वागत करते हुए सहयोग एवं समर्थन दिया। अवध प्रांत में संगठनात्मक कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। प्रान्त के कुल 2888 मंडल, बस्ती में से 2860 में शाखा है, 2728 मंडल, बस्ती में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। कुल 18993 गाँवों में से 15864 गाँवों में घर घर सम्पर्क किया गया। सामाजिक सद्भाव की 294 बैठकें एवं 124 केन्द्रों पर प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया गया। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम आगामी विजयदशमी तक सम्पन्न होंगे, संघ का काम निरंतर चलने वाला काम है, शताब्दी वर्ष वास्तव में संघ की 100 वर्ष की यात्रा का अनुवर्तन ही है। शताब्दी वर्ष में समाज की बहुत बड़ी सज्जन शक्ति, सुप्त शक्ति एवं उत्सुक शक्ति का अनुवर्तन करते हुए 'राष्ट्र प्रथम का भाव' एवं 'पंच परिवर्तन का स्वभाव' उत्तरोत्तर बढ़ता रहे इस हेतु आवाहन किया गया। अन्त में आए हुए सभी पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया और होली की शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। होली मिलन के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रचार प्रमुख सुभाष जी भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### फसल की रखवाली कर रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काटा

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र स्थित बुढ़ानपुर गांव में एक किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। किसान की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसके बाद उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। बुढ़ानपुर निवासी 45 वर्षीय रामचंद्र पुत्र स्व. नन्हा मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अपने बाग में आम की फसल की देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उन्हें काट लिया। कीड़े के काटने के बाद रामचंद्र ी चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत परिजनों को घटना की जानकारी दी। रामचंद्र की हालत बिगड़ते देख, उनके भतीजे लखन पुत्र रामजीवन ने अपने एक साथी की मदद से उन्हें बाइक पर बिठाकर मियागंज सीएचसी पहुंचाया। मियागंज सीएचसी में डॉ. डी. नाथ उनका उपचार कर रहे हैं। डॉ. नाथ ने बताया कि फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है।

### कंटीले तारों में फंसकर बाइक सवार युवक घायल

पुरवा, उन्नाव। कोतवालीक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अटवा निवासी ओम प्रकाश 28 पुत्र रामखेलावन मंगलवार की दोपहर मोटर साईकिल से पड़ोस के अचल खेड़ा चौराहा जा रहा था ।जहां गांव के बाहर स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट पहुंचते ही सामने से स्कूली वैन बच्चों को लेकर आ रही थी ।और सड़क के दोनों तरफ कंटीले तार लगे होने से संकरे मार्ग में संतुलन बिगड़ने से युवक कंटीले तारों में गिर गया ।जिससे उसके चेहरे पर गम्भीर चोटें आने से वह घायल हो गया ।घटना की जानकारी बाद परिजन घायल को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे ।जहां हालत गम्भीर होने पर प्राथमिक उपचार बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### प्राथमिक विद्यालय में छात्रों ने बिना शिक्षकों के कि प्रार्थना

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र की ग्राम पंचायत छूलामऊ के मजरे बसनोहा स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार सुबह लगभग 8:50 बजे बिना अध्यापकों के बच्चों द्वारा प्रार्थना करने का मामला सामने आया है ।ग्राम प्रधान संदीप द्वारा उक्त मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है ।वायरल वीडियो में ग्राम प्रधान यह कहते हुए दिखाई दे रहे कि विद्यालय में पांच अध्यापकों की तैनाती है। मंगलवार सुबह लगभग 8:50 पर जब वह विद्यालय पहुंचे तो बच्चे अकेले लाइन में लगकर प्रार्थना कर रहे थे ।जबकि कोई भी अध्यापक विद्यालय नहीं आया था ।साथ ही बताया कि लगभग दस वर्षों से विद्यालय के कमरों में छत नहीं बनी है ।जिससे बच्चे खुले में ही बैठने को मजबूर है ।जबकि इसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस सहित अन्य उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है ।वही खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

## विद्युत विभाग में बड़ा संविदा भर्ती घोटाला! नौकरी के नाम पर लाखों की वसूली

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।जनपद में विद्युत विभाग के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों की भर्ती, तैनाती, स्थानांतरण और वेतन निर्धारण को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। कई संविदा कर्मियों ने आरोप लगाया है कि नौकरी दिलाने, सेवा बहाल कराने और स्थानांतरण रोकने के नाम पर उनसे हजारों रुपये की अवैध वसूली की गई।

पीड़ितों द्वारा दिए गए सामूहिक प्रार्थना-पत्र में बताया गया है कि एजेंसी वर्ड क्लासेस सर्विस लिमिटेड के मैनेजर अविरल सिंह पर नौकरी दिलाने और सेवा बहाल करने के नाम पर ?30,000 से ?50,000 तक की धनराशि लेने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि कई संविदा कर्मियों को बिना किसी सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के सेवा से हटा दिया गया और बाद में पुनः नियुक्ति के नाम पर धनराशि मांगी गई। नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली के आरोप शिकायत के अनुसार कई युवकों से पैसे लेकर नौकरी देने का आश्वासन दिया गया, लेकिन उन्हें न नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए।शरद सिंह से ?30,000 लेकर पुनः नियुक्ति का आश्वासन दिया गया, पर महीनों से फाइल लंबित बताई जा रही है। दिलीप कुमार (9 वर्ष से कार्यरत) से ?30,000 लेने के बाद भी सेवा बहाल नहीं हुई। मिथुन से भी पुनः नियुक्ति के नाम पर ?30,000 लिए गए।अमित कुमार से ?35,000 लेकर जोगासराय बिजली घर में नौकरी देने का पत्र दिया गया, पर बाद में किसी अन्य को नियुक्त कर दिया गया। विशाल सिंह से ?50,000 लेकर अनस्किल्ड पद पर नौकरी का आश्वासन दिया गया, लेकिन नाम बदलकर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त कर दिया गया। अपूर्व सिंह से ?50,000 लेने के बावजूद नियुक्ति नहीं दी गई। अतुल कुमार से अजगैन बिजली घर में नौकरी के नाम पर ?40,000 लिए जाने का आरोप है। स्थानांतरण में भी घूस का खेल शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संविदा कर्मियों के स्थानांतरण और हाजिरी लोकेशन बदलने में भी पैसों का खेल चल रहा है। बताया गया कि माखी बिजली घर से कुछ कर्मचारियों का उन्नाव शहर के इब्राहिमबाग में स्थानांतरण किया गया, लेकिन जिन कर्मचारियों ने पैसे दिए उनका ट्रांसफर रोक दिया गया। वहीं अन्य कर्मचारियों की लोकेशन बिना किसी लिखित आदेश के बदल दी गई। हादसे के बाद भी नहीं मिली मदद संविदा कर्मी विशाल सैनी विद्युत पोल पर कार्य करते समय करंट लगने से गिर गए, जिससे उनकी कमर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि न तो उनका चिकित्सा खर्च दिया गया और न ही उपचार अवधि का वेतन। कुशल पदों पर अयोग्य कर्मचारियों की तैनाती शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई ऐसे कर्मचारी जिन्हें विद्युत पोल पर चढ़ने का अनुभव या क्षमता नहीं है, उन्हें कुशल लाइनमैन के पद पर तैनात कर वेतन दिया जा रहा है। कुछ कर्मचारियों से लाइनमैन का कार्य कराने के बजाय उन्हें कार्यालयों में कम्प्यूटर ऑपरेटर या लिपिकीय कार्य कराया जा रहा है, जिससे विभागीय नियमों का उल्लंघन हो रहा है। उच्चस्तरीय जांच की मांग पीड़ितों ने पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।साथ ही निम्न मांगें रखी गई हैं सभी संविदा कर्मियों का भौतिक सत्यापन कराया जाएअवैध रूप से ली गई धनराशि वापस कराई जाए दोषियों के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए घायल कर्मचारी को उपचार खर्च और बकाया वेतन दिलाया जाए मामले ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और संविदा भर्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच होती है तो उन्नाव में बड़ा भर्ती घोटाला सामने आ सकता है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गौवंश संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें गौशालाओं की व्यवस्थाओं और निराश्रित गोवंश की स्थिति पर चर्चा की गई। लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नवाबगंज विकासखंड को छोड़कर अन्य सभी खंड विकास अधिकारियों (BDO) का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को समय पर गौशालाओं में नहीं पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, मृत पशुओं की पंजिका अपडेट न होने और गौवंश संरक्षण पर खंड विकास अधिकारियों तथा उपजिलाधिकारियों की संयुक्त बैठकें नियमित रूप से आयोजित न किए जाने पर भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फटकार लगाई। विकासखंड औरास से गौशालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर सर्वाधिक शिकायतें मिलने पर जिलाधिकारी ने विशेष नाराजगी जताई। उन्होंने औरास के खंड विकास अधिकारी को चेतावनी देते हुए दो माह के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ तो कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी ।बैठक में पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भूसा, हरा चारा, खली और चोकर सहित पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने संबंधी एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। इसे सभी विकासखंडों में लागू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मक्का, ज्वार और नेपियर घास की बुवाई हेतु भूमि चिन्हांकित कर तीन दिन के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, गौशालाओं में आने वाले नए पशुओं की अनिवार्य रूप से टैगिंग कराने, तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त पानी, छाया और ठहरने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि गौवंश का संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम के पेड़ से युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के भूटिया परस रामपुर गांव में मंगलवार को एक व्यक्ति ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान 55 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो भूटिया परस रामपुर गांव के निवासी थे। वह मजदूरी और खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार सुबह उनका शव घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित एक बाग में आम के पेड़ से लटका मिला ।सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने पेड़ से शव लटका देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी।मौके पर पहुंचे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल की ।परिजनों के अनुसार, मृतक के परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। उनकी बेटी पूनम की शादी अगले महीने 25 अप्रैल को तय थी, जिसकी तैयारियां घर में चल रही थीं।शादी की खुशियां मातम में बदल जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल है ।परिजन घटना से स्तब्ध हैं और आत्महत्या के कारणों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं।ग्रामीणों ने धर्मेंद्र कुमार को मेहनती और शांत स्वभाव का व्यक्ति बताया है। प्रारंभिक तौर पर आर्थिक या पारिवारिक तनाव की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक विवाहिता की सात दिन के इलाज के बाद मंगलवार को मौत हो गई। मृतका प्रीती (21) अपने पीछे एक माह का मासूम बेटा छोड़ गई हैं। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान कन्नौज जिले के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के हसपुरवा निवासी कमलेश की पत्नी प्रीती (21) के रूप में हुई है। बीते बुधवार को प्रीती अपने पति कमलेश के साथ बांगरमऊ से बाइक द्वारा अपने घर कन्नौज लौट रही थीं। इसी दौरान मद्दन नगर क्षेत्र के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में प्रीती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके पति को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रीती को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।पिछले सात दिनों से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन मंगलवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई ।परिजनों के अनुसार, प्रीती की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले ही कमलेश के साथ हुई थी। शादी के बाद परिवार में खुशियां आई थीं और एक माह पहले ही उन्होंने बेटे को जन्म दिया था।मां की मौत से मासूम बच्चा अब मां विहीन हो गया है, जिससे परिवार में गहरा शोक है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद टक्कर मारने वाली बाइक के चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को आरीज एग्रो लिमिटेड द्वारा बांटे गए स्मार्ट ग्लास



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा एरीज एग्रो लिमिटेड द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) पहल के अंतर्गत लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के द्रस्यविहीन विद्यार्थियों एवं वहां कार्यरत दृष्टिबाधित व्यक्तियों को 25 ज्योति अक स्मार्ट ग्लास आज वितरित किये गए । एरीज एग्रो लिमिटेड माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, कस्टमाइज्ड प्लांट न्यूट्रिएंट्स और एनिमल फीड एडिटिव्स के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। वर्ष 1969 से कंपनी कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए चेलेटेड माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स और वॉटर सॉल्युबल फर्टिलाइजर्स का उत्पादन कर किसानों और कृषि उद्योग की सेवा कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रोहित सिंह तथा एरीज एग्रो लिमिटेड की टीम के सदस्य तथाभी उपस्थित रहे ।

## भा-कि-यू भानु के ज्ञापन पर एसडीम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आहूत की गई जिसमें उप जिलाधिकारी बीघापुर , न्यायिक मजिस्ट्रेट बीघापुर , तहसीलदार बीघापुर, उपखंड अधिकारी विद्युत भगवंत नगर, सहायक अभियंता शारदा नहर बीघापुर उन्नाव मौजूद रहे । दिनांक 28 फरवरी 2026 को डॉ. बृजेंद्र प्रताप सिंह ( राजू ) मंडल महासचिव लखनऊ भारतीय किसान यूनियन (भानू) द्वारा विभिन्न मांगों के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ उत्तर प्रदेश को संबोधित करते हुए अपना ज्ञापन उप जिलाधिकारी बीघापुर को सौंपा था इस प्रेषित ज्ञापन के क्रम में सुसंगत सूचनाओं सहित सभी विभागों ने प्रतिभाग किया सबसे अधिक समस्याएं विद्युत विभाग की देखने को मिली रऊड विद्युत ने कहा लिखित में मुझे दे दे बहुत जल्द समाधान करने की कोशिश करूंगा । नहरों में पानी न आने की समस्या पर अधिकारी सकारात्मक जवाब प्रस्तुत नहीं कर पाए हालांकि आश्वासन मिला है बहुत जल्द नहरों में पानी पहुंचेगा । जिला कृषि अधिकारी उन्नाव ने बताया कि ज्ञापन की बिंदु संख्या -2 व 7 में वर्णित समस्या का निस्तारण कर दिया गया है राजकीय बीज भंडार पाटन को नवीन बिल्डिंग में चालू कर दिया गया है तथा खाद व बढते रेट की समस्या नहीं होने पाएगी ।अंश निर्धारण व फार्मर रजिस्ट्री की समस्या पर तहसीलदार ने आवेदन करने के एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट लगाने की बात कही तहसील में किसानों का आर्थिक शोषण ना हो इस विषय पर एसडीएम बीघापुर रणवीर सिंह ने कहा कि समस्त विभागों के नंबर बहुत जल्द सार्वजनिक किए जाएंगे व किसी भी पटल पर घूस स्वीकार नहीं की जाएगी बावजूद यदि ऐसा होता है तो कठोर से कठोर कार्यवाही संबंधित के ऊपर की जाएगी बैठक में किसान यूनियन के मुख्य पदाधिकारी मौजूद रहे जिला प्रभारी अंबुज सिंह,अभिषेक पाण्डेय , संजय पाण्डेय,शंभू सिंह ,वीरेंद्र फौजी , कार्तिकेय दीक्षित, गोपाल महाराज, फुन्नी त्रिपाठी, अंकित सिंह, योगेश मिश्रा, एस के सविता, अतुल चौधरी,रोहित चौहान, शैलेंद्र कुमार,शुभम शुक्ला, अमरेंद्र सिंह, रामधनी, हर्ष प्रताप सिंह आदि आधा सैकड़ा पदाधिकारी गण मौजूद रहे ।

## गंगाघाट नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।लोकायुक्त के निर्देश पर एक तीन सदस्यीय टीम मंगलवार को नगर पालिका पहुंची और अभिलेखों की पड़ताल की।शिकायतकर्ता राजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया था कि नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर अपने सगे-संबंधियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया।शिकायत में नियुक्तियों और भुगतान में पारदर्शिता की कमी तथा सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी जताई गई थी।इन आरोपों का संज्ञान लेते हुए लोकायुक्त कार्यालय ने जांच के आदेश दिए। इसके बाद हरदोई से एक तीन सदस्यीय टीम गठित कर गंगाघाट भेजी गई। इस टीम में हरदोई के जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) कमलेश कुमार, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सियन) प्रदीप कुमार पाल और हरदोई के सीनियर ट्रेजरी ऑफिसर शामिल हैं। मंगलवार को टीम ने नगर पालिका परिषद गंगाघाट पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे। टीम ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया, भुगतान रजिस्टर, उपस्थिति विवरण और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन समीक्षा की। जांच टीम ने नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, टीम यह जांच कर रही है कि नियुक्तियों में नियमों का पालन हुआ है या नहीं और क्या किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान नगर पालिका परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। कई कर्मचारी और अधिकारी टीम के सामने अपने अभिलेख प्रस्तुत करते दिखे। स्थानीय लोग भी इस जांच पर नजर रखे हुए हैं और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट लोकायुक्त को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

## शासन द्वारा मनोनीत सभासदों का विधायक ने किया अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। भाजपा कार्यालय मौरावाँ शासन द्वारा मनोनीत नगर पंचायत मौरावां व नगर पंचायत पुरवा के सभासदों का विधायक अनिल सिंह ने अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत कर सम्मानित किया। जिसमें मौरावां नगर पंचायत से श्रीमती साधना चौरसिया, पंकज अवस्थी, सुमित चौधरी व पुरवा नगर पंचायत से नरेंद्र कुशवाहा, अर्जुन सोनकर,श्याम किशोर त्रिपाठी के मनोनीत होने पर विधायक अनिल सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा मनोनीत किये गये सभासद सरकार की योजनाओं को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचे के साथ पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ,भाजपा जिला मंत्री डा0 रजनीश वर्मा ,मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता , पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक सवार दो युवक खंती में गिरकर हुए घायल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवालीक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अटवा निवासी ओम प्रकाश 28 पुत्र रामखेलावन मंगलवार की दोपहर मोटर साईकिल से पड़ोस के अचल खेड़ा चौराहा जा रहा था ।जहां गांव के बाहर स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट पहुंचते ही सामने से स्कूली वैन बच्चों को लेकर आ रही थी ।और सड़क के दोनों तरफ कंटीले तार लगे होने से संकरे मार्ग में संतुलन बिगड़ने से युवक कंटीले तारों में गिर गया ।जिससे उसके चेहरे पर गम्भीर चोटें आने से वह घायल हो गया ।घटना की जानकारी बाद परिजन घायल को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे ।जहां हालत गम्भीर होने पर प्राथमिक उपचार बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## गोवंश तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस मुठभेड़ में एक घायल, तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना असोहा पुलिस द्वारा असोहा-कालूखेडा मार्ग पर स्थित चंदनखेड़ा पुल के पास चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक असोहा को सूचना दी गयी कि गोवंश की तस्करी करने वाले नेटवर्क के तीन सदस्य एक मोटरसाइकिल पर कालूखेड़ा से असोहा की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर थाना असोहा पुलिस द्वारा चन्दनखेड़ा पुल के पास गहनता से चेकिंग की गयी इसी दौरान सामने से आ रही बाइक सवार तीन व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया गया तभी बाइक सवार युवकों द्वारा मोटरसाइकिल को एक सुनसान मार्ग की ओर मोड़कर भागने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया तो पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमे एक बदमाश के बांये पैर में गोली लगी है, पुलिस द्वारा त्वरित घेराबंदी की कार्यवाही करते हुए एक अन्य बदमाश को मौके से गिरफ्तार किया गया है एवं एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गये बदमाशो ने अपना नाम रफीक पुत्र जुम्मन निवासी क्वेथर जमुनाखेड़ा थाना दही जनपद उन्नाव बताया व मनमोहन यादव पुत्र स्व0 वेनीमाधव निवासी ग्राम शिवगढ़ थाना असोहा जनपद उन्नाव बताया है जो घूम रहे गोवंश को पकड़ कर उनकी तस्करी करने का काम करते है जो आज जंगल मे जानवर को इकट्ठा कर तस्करी हेतु ले जाने आये थे। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर व 02 अदद मोबाइल बरामद हुए है। घायल अभियुक्त रफीक उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी असोहा भेजा गया। आज दिनांक 17.03.2026 को समय करीब 7.12 बजे फरार अभियुक्त झण्डाशंकर पुत्र श्रीकृष्ण उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम शिवगढ थाना असोहा जनपद उन्नाव को मुखबिर खास की सूचना पर सिरवइया मोड से गिरफ्तार किया गया। मुठभेड, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना असोहा पर मु0अ0सं0 64/2026 धारा 109(1),3(5) इठर व 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

## ससुराल से वापस घर आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासी एक युवक अपनी ससुराल गया था। जहां अचानक वह गंभीर बीमार हो गया। वापस अपने घर लौटने पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्राम नसिरापुर निवासी रूपन ने बताया कि उसका बेटा मनोज उर्फ लालू 35 वर्ष शनिवार को अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही गांव पलिया गया था। जहां दोपहर के समय अचानक हालत बिगड़ गई। रविवार को वह ससुराल से वापस घर लौटा। लेकिन सोमवार दोपहर अचानक उसकी हालत फिर से बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज हेतु ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पिता रूपन ने मौत का कारण जानने के लिए कोतवाली में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा ।बांगरमऊ ।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर निवासी एक युवक अपनी ससुराल गया था। जहां अचानक वह गंभीर बीमार हो गया। वापस अपने घर लौटने पर संदिग्ध परस्थितियों में युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्राम नसिरापुर निवासी रूपन ने बताया कि उसका बेटा मनोज उर्फ लालू 35 वर्ष शनिवार को अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही गांव पलिया गया था। जहां दोपहर के समय अचानक हालत बिगड़ गई। रविवार को वह ससुराल से वापस घर लौटा। लेकिन सोमवार दोपहर अचानक उसकी हालत फिर से बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज हेतु ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पिता रूपन ने मौत का कारण जानने के लिए कोतवाली में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## ट्रेन के सामने कूद कर अज्ञात युवक ने की आत्म हत्या



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को डायल-112 के माध्यम से मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इस घटना की जानकारी मिली। गंगाघाट थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला, जो ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था ।प्राथमिक जांच में यह प्रतीत हुआ कि युवक ने जानबूझकर ट्रेन के आगे छलांग लगाई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी ।जांच के दौरान पुलिस को मृतक के दाहिने हाथ पर ₹सूरज वर्मा₹ नाम लिखा मिला है। इसी आधार पर पुलिस आसपास के थानों और क्षेत्रों में जानकारी साझा कर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर उसे उन्नाव स्थित मर्चरी हाउस भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी ।गंगाघाट थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को ₹सूरज वर्मा₹ नाम के किसी लापता व्यक्ति की जानकारी हो, तो वह तत्काल पुलिस से संपर्क करे।

## संक्षेप

### साढू पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पत्नी से बात करने को लेकर हुआ विवाद, भाई भी पकड़ा गया**

अमेठी, साढ़ू पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके भाई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। यह घटना शुक्रवार रात एक बहुभोज कार्यक्रम के दौरान हुई थी। मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा का है। सुल्तानपुर जिले के कुड़वाड़ थाना क्षेत्र निवासी रोहित पुत्र देवतादीन ने शुक्रवार शाम एक बहुभोज कार्यक्रम में अपने साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले के बाद आरोपी रोहित मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गया था। गंभीर रूप से घायल विजय बहादुर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त रोहित विश्वकर्मा ने बताया कि उसका साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा उसकी पत्नी से बात करता था। इसी बात को समझाने के लिए रोहित, विजय बहादुर को उसके घर से बुलाकर नहर पटरी पर ले गया था। वहां दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान रोहित ने अपनी जेब में रखे चाकू से विजय बहादुर पर वार कर दिया और फिर उसी मोटरसाइकिल से भाग गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रोहित विश्वकर्मा और उसके भाई अनिल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चाकू बरामद किए गए।

### अमेठी में एसआई भर्ती परीक्षा जारी

**दूसरे दिन 10 सेंटरों पर 3600 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, एसपी कर रहे निरीक्षण**

अमेठी , उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी रही। जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 3600 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। पहले दिन की परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने अनुपस्थिति दर्ज कराई थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कुल 370 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि संबंधित सर्किल के सीओ लगातार भ्रमणशील रहेंगे। एसपी सरवणन टी स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

### नेता की सड़क हादसे में मौत

**बेटे को परीक्षा दिलाने जाते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बेटा घायल**

अमेठी , पीपरपुर थाना क्षेत्र के मोचवा गांव निवासी कांग्रेस नेता मो. नसीर खान (58) की शनिवार भोर में सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली अमेठी क्षेत्र के धम्मौर-अमेठी मार्ग पर टिकरी चौराहे के पास हुआ। दुर्घटना में उनके 22 वर्षीय बेटे शहबाज भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मो. नसीर खान अपने बेटे शहबाज के साथ बाइक से रायबरेली जा रहे थे।

# नगर पंचायत रूपईडीहा में शासन द्वारा तीन सभासद मनोनीत, आमजन में उत्साह की लहर

**चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने सभी मनोनीत सभासदों को अंगवस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में उत्तर प्रदेश प्रदेश शासन के मनसा के अनुरूप प्रदेश के राज्यपाल द्वारा तीन नए सभासदों के मनोनयन की घोषणा के बाद क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा की माता श्रीमती पार्वती वर्मा, रतन अग्रवाल और काली प्रसाद गुप्ता को सभासद पद पर नामित किया गया है, जिसे स्थानीय स्तर पर सराहनीय कदम माना जा रहा है। इन नामों के सामने आते ही नगर में चर्चा तेज हो गई और विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया। आम नागरिकों का कहना है कि तीनों ही व्यक्तित्व लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देते आए हैं। स्थानीय जानकारों के अनुसार, यह मनोनयन केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों को आगे लाने की पहल है। लोगों को उम्मीद है कि नए सभासद नगर की मूलभूत समस्याओं जैसे साफ-सफाई, नागरिक सुविधाएं और विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देंगे। इस अवसर पर समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र में नई ऊर्जा और विकास की गति को बढ़ावा देगा। रूपईडीहा पत्रकार संघ के सभी साथियों ने अपने अध्यक्ष को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें कोटिश बधाई दी है इसी के साथ ही, नव-नामित सभी सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना भी की है।इस अवसर पर नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने अपने कार्यालय में सभी मनोनीत सभासदों को अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं ज्ञापित की है।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन

**मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद रहे**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। गेंदघर स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज बहराइच में मंगलवार को कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना व दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रुति बाजपेयी बैंक मैनेजर सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, नागेंद्र कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी बहराइच, जसवंत सिंह प्रधानाचार्य वैद्य भगवानदीन मिश्रा गांधी इंटर कालेज आदि उपस्थित रहे।तथा बच्चों को करियर के संदर्भ में मार्गदर्शन किया गया। सभी सम्मानित ने अपने क्षेत्र से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। कैरियर गाइंडेस मेला में विद्यार्थियों द्वारा स्टाल लगाए गए। सभी अतिथियों ने स्टाल पर पहुँचकर विद्यार्थियों से जानकारी हासिल की। तथा विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता पाने के टिप्स दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु यादव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कैरियर गाइडेंस की नोडल प्रभारी प्रतिमा देवी ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता मीनाक्षी, शालिनी सिंह, शाइस्ता खान, सुरुचि मिश्रा तथा अभिभावक गण एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।

# मंडल उपाध्यक्ष सहित तीन कार्यकर्ता नगर पंचायत जरवल में हुए सभासद मनोनीत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत जरवल में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तीन कार्यकताओं को नगर पंचायत जरवल का सभासद मनोनीत किया गया,जिसमें भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सेक्टर प्रमुख कृष्णपाल लोधी,बूथ अध्यक्ष मंगलजायसवाल का नाम घोषित किया गया,16 मार्च की शाम को शासन के द्वारा घोषित हुए सभी मनोनीत सदस्यों की लिस्ट जारी की गई,लिस्ट जारी होने के बाद कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।जो कार्यकर्ता सभासद मनोनीत किए गए उनके लिए यह पार्टी के द्वारा होली का तोहफा माना जा रहा है, शासन के द्वारा मनोनीत किए गए। सभासद संतोष श्रीवास्तव वर्तमान में भाजपा मंडल जरवल के मंडल उपाध्यक्ष हैं,वह इस के पूर्व भी दो बार मंडल उपाध्यक्ष रह चुके हैं निकाय प्रकोष्ठ सयोंजक भी रह चुके है युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भी रह चुके है, उनका राजनीतिक शुरूआत संघ और भाजपा से ही रहा है। उनके मनोनयन पर उनके इस्ट मित्रों एवं पार्टी कार्यकताओं के द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाओं का संदेश देर रात तक मिलता रहा,इसी कड़ी में मनोनीत सभासद कृष्णपाल लोधी भी बचपन से ही संघ और भाजपा से जुड़े रहे हैं। मौजूदा समय में वह भाजपा के सेक्टर संयोजक भी हैं,मंगल जायसवाल भी भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं वह वर्तमान में बूथ अध्यक्ष हैं और संगठन के प्रति उनकी पूरी निष्ठा सदैव रहती है। मनोनीत किए गए सभी सदस्यों ने पार्टी पदाधिकारी एवं शीर्ष नेतृत्व को आभार प्रकट करते हुए सभी को धन्यवाद प्रकट किया।

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्रों का एक्सपोजर विजिट सम्पन्न, भोपाल में विज्ञान व संस्कृति से हुए रूबरू

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, रमपुरवा (जनपद बहराइच) के 40 छात्र-छात्राओं का 13 से 17 मार्च 2026 तक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पाँच दिवसीय एक्सपोजर विजिट सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों, वैज्ञानिक शोध केंद्रों एवं सांस्कृतिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके। प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल का भ्रमण कर मृदा के प्रकार, अनुसंधान कार्यों तथा उनके दैनिक जीवन में महत्व की जानकारी प्राप्त की। द्वितीय दिवस छात्रों ने प्रसिद्ध भोजेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनमें विशेष उत्साह देखने को मिला। तृतीय दिवस राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, भोपाल का भ्रमण कराया गया, जहाँ छात्रों ने पर्यावरणीय कारकों के मानव जीवन पर प्रभाव से संबंधित शोध कार्यों को समझा और वैज्ञानिकों से संवाद किया। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (ककरएफ), भोपाल का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। यह भ्रमण एक्सपोजर विजिट प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह एवं सह प्रभारी प्रियरंजन कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह विजिट विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित हुआ। भ्रमण से लौटने के बाद छात्र-छात्राओं में उत्साह और नए अनुभवों की झलक साफ दिखाई दी।

# कैसरगंज नगर पंचायत में तीन सभासद मनोनीत, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज। नगर पंचायत कैसरगंज में सभासद पद पर रामसतीश वर्मा, पवन कुमार सिंह एवं अनिल सोनी के मनोनयन से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस निर्णय का स्थानीय लोगों, कार्यकताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए इसे समर्पित और कर्मठ कार्यकताओं के सम्मान के रूप में देखा है। बताया जाता है कि तीनों मनोनीत सभासद लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके इस मनोनयन को उनकी निष्ठा, लगन और जनहित में किए गए कार्यों की स्वाभाविक पहचान माना जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मनोनयन केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद जनसेवा, स्वच्छता अभियान, सुशासन और नगर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ



कार्य करेंगे। स्थानीय नागरिकों एवं समर्थकों ने नव-मनोनित सभासदों को बधाई देते हुए उनके सफल, जनहितकारी एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना की।

# मिहींपुरवा नगर पंचायत में अशोक, सुभाष व विमल बने नामित सभासद

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। सोमवार को देर शाम नामित सभासदों की सूची जारी की गई जिसमें मिहींपुरवा नगर पंचायत से अशोक कुमार उर्फ गुड्डू लोधी, सुभाष चन्द्र दास व विमल पोरवाल को नामित सभासद के रूप में नामित किया गया है। तीनों लोगों के नामित होने की सूचना मिलने पर लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी हैं ।बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि नामित किए गए सभासद विकास में अपना योगदान देंगे। वहीं इस संबंध में नामित किए गए सभासद अशोक कुमार उर्फ गुड्डू लोधी व सुभाष चन्द्र दास ने बताया कि सभासद के रूप में हमें नामित किया गया है। नगर पंचायत के विकास में हमारा पूरा समर्पण रहेगा। जो जिम्मेदारियां दी जाएंगी उसका निर्वहन करेंगे। आपको बताते चले कि अशोक कुमार उर्फ गुड्डू लोधी व सुभाष चन्द्र दास बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर व प्रतिनिधि आलोक जिंदल ,नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया के बेहद करीबी माने जाते हैं।

# 24 घंटे बाद मिला डूबे किशोर का शव, खैरीघाट पुलिस ने पूर्ण की संवैधानिक कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच के खैरीघाट थाना अंतर्गत चौकी बैबाही क्षेत्र के रायगंज गांव निवासी राम सहारे का लगभग 16 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार सोमवार लगभग 1:00 बजे पैर फिसलने से सरयू नदी के भगहर के गहरे पानी में डूब गया था जिससे ग्रामीणों में हड़कंप का माहौल बन गया और काफी भीड़ लग गई। सूचना पर खैरीघाट पुलिस, राजस्व महकमा पंहुचा था। स्थानीय गोताखोरो व एनडीआरएफ की टीम द्वारा शव तलाशने का काफी प्रयास किया गया। वहीं आज मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों व प्रशासन की मदद से लगभग 12:00 डूबे किशोर के शव को निकाला गया। बालक के डूबने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। चौकी प्रभारी उपनि0 महेंद्र सिंह ने बताया कि दूसरे दिन डूबे अनुज का शव मिला है फौती सूचना पर संवैधानिक कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। वहीं राजस्व नायब ने बताया कि बालक डूबने के क्रम में शासन द्वारा देय मुवावजा राशि दिलाई जाएगी।

# बसपा के वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह चौहान का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के ग्राम पंचायत जालिम नगर निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह चौहान का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया ।उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बसपा पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। आपको बताते चले कि उत्तम सिंह चौहान लंबे समय से बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे ।जनपद बहराइच में बलहा व नानपारा विधानसभा में उनकी अच्छी पकड़ थी। बसपा पार्टी का नेतृत्व करते हुए समाज में उनकी एक अलग छवि थी जिससे हर वर्ग व हर समाज के लोगों में वह लोकप्रिय थे। वर्तमान में वह बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव की जिम्मेदारी देख रहे थे ।उत्तम सिंह के निधन से जहां पार्टी की क्षति हुई है वही क्षेत्र ने एक सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने वाला नेता खो दिया है।

# सीमावर्ती रूपईडीहा क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान

**17 घंटे बिजली रही गुल, क्षेत्र के लोग पानी को तरसे, मुख्य लाइन की तार चोरी का मामला आया सामने**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। गर्मी का मौसम अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ानी शुरू कर दी है। सोमवार की रात लगभग 11 बजे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अचानक बाधित हो गई, जो मंगलवार शाम करीब 4 बजे जाकर बहाल हो सकी। इस दौरान लगभग 17 घंटे तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। स्थानीय लोग अंधेरे में डूबे रहे तथा विद्युत सप्लाई न होने से लोगों को पानी की भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता शंभू दयाल ने बताया कि रात में अचानक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। सुबह जब विभागीय टीम द्वारा जांच की गई तो पता चला कि नानपारा में इमामगंज चौराहे के करीब अज्ञात चोरों ने 33 हजार वोल्ट की मुख्य लाइन की तार काटकर चोरी कर ली थी, जिसके कारण आपूर्ति ठप हो गई। उन्होंने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद लाइन को अस्थायी रूप से ठीक कर आपूर्ति बहाल की गई है। वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी उच्च क्षमता वाली चालू लाइन से तार चोरी होना गंभीर सुरक्षा चूक को दर्शाता है। लोगों का कहना है कि जब अभी गर्मी की शुरूआत में ही घंटों बिजली गुल रहने लगी है, तो भीषण गर्मी के दौरान स्थिति और भी खराब हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही लाइन की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# थाना कैसरगंज में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन व धर्मगुरुओं ने बनाई रणनीति**

अमन लेखनी समाचार

सिराज अली कादरी

कैसरगंज, बहराइच। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज दिनांक 17 मार्च को थाना कैसरगंज परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के पेश इमामों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया ।बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने की, जबकि पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, चेयरमैन कैसरगंज, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।इस अवसर पर मौलाना खालिद सहित अन्य धर्मगुरुओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति एवं सद्भाव बनाए रखें ।अधिकारियों ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी से प्रशासन का सहयोग करने, संवेदनशील मुद्दों पर सतर्क रहने एवं किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील की गई ।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने का संकल्प लिया।

# राजा भैया ने युद्ध के कारण गैस किल्लत जताई चिंता

**पहले 8-10 ट्रक आते थे, अब सिर्फ 1-2 लोड मिल रहे**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रतापगढ़ कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर आपत्ति जताते हुए कहा, भारत में जो विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उससे हमको आपत्ति है और यह नहीं होना चाहिए। हमारे लिए देश सर्वोपरि है। भारत के संबंधों को ध्यान में रखने की बात राजा भैया ने कहा कि भारत के इजराइल और ईरान दोनों देशों से अच्छे संबंध हैं। ऐसे में किसी एक देश के पक्ष में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी करना राष्ट्रहित में नहीं है और इसे तत्काल रोका जाना चाहिए। कुंडा विधायक ने युद्ध के कारण देश में उत्पन्न हुई गैस किल्लत पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि कुछ गैस कालाबाजारी के मामले सामने आए हैं। आशा है कि कठिनाइयां जल्द दूर होंगी उन्होंने कहा, जहां पहले 8 से 10 ट्रक गैस मिलती थी, वहां अब केवल 1 या 2 ट्रक लोड आ रहे हैं। ऐसे में गैस वितरण करना अभी मुमकिन नहीं है ।ह्न राजा भैया ने उम्मीद जताई कि यह कठिनाइयां जल्द ही दूर हो जाएंगी। हालांकि सरकार का कहना है कि कोई गंभीर संकट नहीं है, लेकिन ग्राहक परेशान हैं और इसे लेकर प्रशासन सतर्क है।

## संक्षेप

### रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार समारोह आयोजित

**251 महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित**

बागपत , राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासभा द्वारा रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 251 महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह समारोह बागपत कस्बे के मेरठ रोड स्थित वात्सयान पैलेस में संपन्न हुआ। इसका आयोजन श्री राम दत्त शर्मा और विकास शर्मा की संयुक्त देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और समाज में उनके कार्यों को प्रोत्साहित करना था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी सुरेश कश्यप उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी और राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासभा की प्रदेश महासचिव श्रीमती रेनू शर्मा भी मौजूद थीं। अतिथियों ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। शिक्षा, सामाजिक कार्य, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं से प्रेरणा लेकर महिलाओं को आगे बढ़ने का आह्वान किया। अतिथियों ने यह भी कहा कि समाज को महिलाओं को सम्मान और समान अवसर प्रदान करने चाहिए, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

### निवाड़ा में मां-बेटे पर हमला

**लाठी-डंडों से मारपीट, दोनों गंभीर घायल; पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , निवाड़ा गांव में घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला किया गया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली बागपत में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। निवाड़ा निवासी आबिद के अनुसार, यह घटना 14 मार्च की देर शाम की है। उनका बेटा शहबाज मजदूरी कर घर लौट रहा था। ग्राम पंचायत निवाड़ा के पास पहुंचने पर वहां पहले से मौजूद करीब आठ युवकों ने शहबाज के साथ गाली-गलौज की। जब शहबाज ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उसके साथ मारपीट की। आबिद ने आरोप लगाया है कि कुछ देर बाद वही युवक लाठी-डंडों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने धमकी देते हुए घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। उन्होंने शहबाज और उसकी मां पर लाठी-डंडों से वार किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। परिजनों ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित आबिद ने कोतवाली बागपत में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नवोदय विद्यालय में अमौली शिक्षा क्षेत्र के बच्चों ने फहराया झंडा

## प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर तथा कंपोजिट विद्यालय बंबुरिहापुर का सर्वोच्च स्थान

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के सभी क्षेत्रों के नौनिहाल बच्चों की होने वाली प्रतिवर्ष जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में अमौली विकासखंड ने बाजी मारी विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के बहुचर्चित प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के कक्षा 5 के छात्र विकास तिवारी पुत्र कामता प्रसाद तिवारी निवासी गांव नसेनिया ने संपूर्ण प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए विकास खंड ही नहीं अपितु अपने विद्यालय तथा माता-पिता का गौरव बढ़ाया यह जानकारी जैसे ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी को मिली तो उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बच्चे के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया वही अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमारा लक्ष्य है उगते हुए वृक्ष की देखरेख करना जिन वृक्ष रुपी छात्रों की छाया में आगे चलकर हम सभी को शीतल आत्म शांति प्राप्त होगी आज विकास तिवारी ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है जिसके लिए प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के सभी शिक्षकों समेत उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया ठीक इसी प्रकार अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बंबुरिहापुर के छात्र अनंत कुमार पुत्र प्रेमशंकर ने पूरे जनपद में सातवीं रैंक तथा छात्र सौर्य कुमार पुत्र शैलेंद्र ने 65वीं रैंक हासिल करते हुए विद्यालय समेत अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाया जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक ऋतुराज वर्मा शिक्षक कुलदीप तिवारी आदि सभी शिक्षकों ने बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया

### क्या बोले शिक्षा विभाग के अधिकारी

जानकारी मिलते ही अमौली विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने सभी प्रतिभागी स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जाहिर की वहीं शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की कटिबद्धता उच्च कोटि की शिक्षा तथा बच्चों की देखरेख के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों की जमकर सराहना की

# अमौली कस्बे में किसान के झोले से टप्पेबाज ने उड़ाए 100000 रुपए

## आरोपी की खोजबीन के लिए थाना प्रभारी ने जगह-जगह जांच की प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे में एक किसान को टप्पेबाज ने शिकार बनाया पीड़ित विनोद यादव पुत्र गिरधारी लाल निवासी गांव भाजीताला ने लिखित तहरीर देते हुए थाना चांदपुर प्रशासन को बताया कि वह पेसे से किसान के साथ-साथ दूध का कारोबार करता है जहां बेटी की शादी के लिए धन इकट्ठा कर रहा था फसल की बिक्री तथा दूध का पैसा एकत्र कर एक लाख रुपए अमौली कस्बे की पंजाब नेशनल बैंक जमा करने दोपाहर लगभग 12 बजे आया बैंक में सर्वर ना आने के कारण किसान ने सोचा कुछ घरेलू सामान की खरीदारी कर लूं जिसके लिए वह कस्बे के सोनकर मोहल्ले की एक किराना की दुकान पहुंचा साइकिल खड़ी करके सामान की खरीदारी करने लगा तथा पैसे का झोला साइकिल में टांग दिया वही खरीदारी करने के पश्चात जैसे ही किसान अपनी साइकिल के पास पहुंचा तो साइकिल में टंगे झोले के अंदर डाले गए हरे लिफाफे में 100000 रुपए बैंक की पासबुक इत्यादि गायब मिली आनन फानन किसान ने शोर मचाया लेकिन तब तक टप्पेबाज गायब हो चुका था स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल चौकी प्रभारी अमौली दिग्विजय सिंह समेत भारी पुलिस बल ने मिली तहरीर के आधार पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुए आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की वहीं कुछ स्थानों पर आरोपी एक मोटरसाइकिल से जाते हुए दिखाई दे रहा है जिसकी खोजबीन में प्रशासन जुटा हुआ है थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है

# श्रीमद् भागवत कथा समापन पर संपन्न हुआ विशाल भंडारा

## गीत संगीत से मंत्रमुग्ध हुआ सिकंदरपुर गांव



अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के अमौली विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंदरपुर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस विशाल महा भंडारा आयोजित किया गया कार्यक्रम के आयोजक अमौली विकासखंड के पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा के 19वें महा महोत्सव का शुभारंभ विगत 9 मार्च से प्रारंभ हुआ था जहां प्रतिदिन कथा व्यास आचार्य पंडित रामनारायण शुक्ल के मुखारविंद से भक्तों ने सरस कथा का आनंद प्राप्त किया वहीं अंतिम तीन दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कल पूर्णाहुति हवन यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां प्रमुख यजमान प्रीती सिंह एवं प्रमोद सिंह समेत भक्तों का विशाल जन समूह सम्मिलित होकर हवन यज्ञ करते हुए महा आरती संपन्न की इसके पश्चात विशाल महा भंडारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे भारी संख्या में भक्तगणों ने महाप्रसाद को ग्रहण करते हुए गीत संगीत का परम आनंद प्राप्त किया आए हुए सभी भक्तों का प्रधान संघ निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह अजय राज सिंह आदि लोगों ने सादर आभार व्यक्त किया

# बार एसोसिएशन के विरोध से मवाना कोर्ट उद्घाटन रद्द

## सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल समेत कई न्यायाधीश आने वाले थे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, बार एसोसिएशन के विरोध के कारण मवाना कोर्ट के प्रस्तावित उद्घाटन समारोह को रद्द कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पंकज मित्तल और इलाहाबाद हाईकोर्ट के कई वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होने वाले थे। मेरठ बार एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि मवाना में नई अदालतों का उद्घाटन बिना मानकों और चैंबरों के निर्माण के, तथा मेरठ बार एसोसिएशन को विश्वास में लिए बिना किया जा रहा था। एसोसिएशन के अनुसार, इस नई कोर्ट में 6 यानों (मामलों) और तहसील मवाना के सिविल वादों का कार्यक्षेत्र/अधिकार क्षेत्र स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित था, जिसका वे विरोध कर रहे थे। मेरठ बार एसोसिएशन के महामंत्री परवेज आलम एडवोकेट ने सुबह 8:30 बजे सभी अधिवक्ताओं को पंडित नानक चंद सभागार, कचहरी प्रांगण में यूनिफॉर्म में उपस्थित होकर उद्घाटन कार्यक्रम का विरोध करने का आह्वान किया। इसी व्यापक विरोध के कारण यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। मेरठ जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा जारी निमंत्रण पत्र के अनुसार, को सुबह 10:30 बजे मेरठ जिले के मवाना स्थित बाहरी न्यायालय के नवनिर्मित एकीकृत न्यायालय परिसर का उद्घाटन होना था। इस समारोह के मुख्य अतिथि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पंकज मित्तल थे। विशिष्ट अतिथियों में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश और अंतर्राष्ट्रीय अवसंरचना समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं मेरठ के प्रशासनिक न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता शामिल थे।

# गैस संकट से वृद्धाश्रम की रसोई पर दबाव

**33 बुजुर्गों के लिए 6 सिलेंडर की जरूरत, 2 अप्रैल को आश्रम के 10 साल पूरे होंगे**

लेकिन मौजूदा स्थिति में समय पर सिलेंडर मिलना मुश्किल हो रहा है।

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , गैस सिलेंडर की किल्लत का असर अब सामाजिक संस्थाओं पर भी दिखने लगा है। श्रीसांई सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्धाश्रम की संचालिका नर्मता शर्मा का कहना है कि गैस की बढ़ती कीमत और कमी के कारण आश्रम चलाना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। शर्मा बताती हैं कि उनके आश्रम में इस समय 33 अम्मा-बाबा रह रहे हैं और सभी के लिए रोजाना भोजन बनता है। उन्होंने बताया कि एक सिलेंडर करीब 1500 रुपए में मिल रहा है और आश्रम में महीने भर में करीब 6 सिलेंडर लग जाते हैं।ह्लमेरी आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। कहीं से नियमित फंडिंग नहीं होती, जो भी है वह जनता के सहयोग से ही चलता है,ह्व उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने दो सिलेंडर खरीदे हैं, जिन पर करीब 3000 रुपए खर्च हुए। गैस एजेंसी से और सिलेंडर देने की बात भी कही है, इसके बावजूद नर्मता शर्मा ने साफ कहा कि उन्होंने आश्रम में खाने-पीने में कोई कटौती नहीं की है। ह्लपहले जैसे नाश्ता, दोपहर का खाना, दाल-चावल, सब्जी, रोटी और सलाद बनता था, वैसे ही अब भी बन रहा है। अम्मा-बाबा के खाने में कटौती कैसे कर सकती हूं,ह्व उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि कुछ बुजुर्ग ऐसे भी हैं जिन्हें दवा के साथ दूध देना पड़ता है, इसलिए बीच-बीच में दूध भी गर्म करना पड़ता है। ऐसे में गैस की जरूरत और बढ़ जाती है। नर्मता शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल को आश्रम के 10 साल पूरे होने वाले हैं और स्थापना दिवस मनाने की योजना भी बनाई गई थी, लेकिन गैस संकट के कारण अब इसकी चिंता बढ़ गई है।

# 5 किलो ड्रग्स के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

## नेपाल से हो रही थी सप्लाई, ऑपरेशन प्रहार के तहत हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , ऑपरेशन प्रहार के तहत वेव सिटी थाना पुलिस और एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट मेरठ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 किलोग्राम अवैध ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को लालकुआं पुल के नीचे से पकड़ा गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि लालकुआं पुल के नीचे ड्रग्स की बड़ी खेप की सप्लाई होने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रहीस मलिक और राजू यादव के रूप में हुई है। रहीस मलिक गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र का निवासी है, जबकि राजू यादव नेपाल के कपिलवस्तु जिले का रहने वाला बताया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि राजू यादव नेपाल से सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदकर भारत लाता था और गाजियाबाद में रहीस मलिक को सप्लाई करता था। इसके बाद रहीस मलिक ड्रग्स को छोटे-छोटे पैकेट में बांटकर दिल्ली, गाजियाबाद और एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर बेचता था, जिससे उसे मोटा मुनाफा होता था। पुलिस के अनुसार, 15 मार्च 2026 को भी राजू यादव नेपाल से ड्रग्स लेकर गाजियाबाद पहुंचा था और लालकुआं पुल के नीचे रहीस मलिक को खेप देने आया था। इसी दौरान संयुक्त पुलिस टीम ने दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही इस ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

# पंडित को अवसरवादी कहने के मामले की हो जांच

## मेरठ से बीजेपी नेता ने सीएम योगी से की मांग, ब्राह्मणों के खिलाफ षड़यंत्र रच रहे अफसर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा 2026 के पहले दिन पेपर में पूछे गए अवसरवादिता के प्रश्न और उत्तर में लिखे पंडित शब्द पर ब्राहणों का विरोध बढ़ता जा रहा है। मेरठ से राष्ट्रीय परशुराम परिषद् के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री पंडित सुनील भराला ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पंडित सुनील भराला ने एक वीडियो जारी करते हुए इस पूरी घटना का विरोध किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ इस पूरे मामले की जांच कराएं। जिस अफसर, कर्मचारी ने परीक्षा के पेपर में ये प्रश्न शामिल किया और उत्तर में पंडित शब्द लिखा है उसके खिलाफ एक्शन लिया जाए। सुनील भराला का कहना है कि ऐसे अफसर, कर्मचारी देश में ब्राहणों और भाजपा, सरकार के खिलाफ षड़यंत्र कर खिलाफ माहौल तैयार कर रहे हैं। यूपी पुलिस दरोगा की परीक्षा संपन्न हो रहा है। जिसमें एक सवाल में पंडित और अवसरवादिता जैसे शब्दों को लिखा गया। ऐसे निकृष्ट शब्दों से स्पष्ट रूप से अफसरों की मानसिकता उजागर हो रही है। जो सरकार को और भाजपा को कटघरे में खड़ा करके एक अभद्र टिप्पणी अंकित करा रहे हैं। इससे साफ पता चल रहा है कि ऐसे लोग ब्राहणों के खिलाफ एक माहौल बनाना चाहते हैं। इन्होंने जो अभद्र टिप्पणी अंकित की है इससे साफ पता चल रहा है कि ब्राहमणों के खिलाफ कड़ा षड़यंत्र चल रहा है। ऐसे अफसर, कर्मचारी जिन्होंने ये प्रश्नपत्र बनाया ये प्रश्न बनाया उनके खिलाफ सीएम योगी कठोर कार्यवाही करें। भारतीय परंपरा में ज्ञान का प्रतीक है पंडित शब्द पंडित शब्द भारतीय परंपरा में ज्ञान, विद्वता और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे सम्मानजनक शब्द को किसी नकारात्मक या अपमानजनक संदर्भ में प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न या विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना अत्यंत आपत्तिजनक है। यह केवल एक शब्द का मामला नहीं, बल्कि समाज के एक सम्मानित वर्ग की गरिमा से जुड़ा विषय है।

इस प्रकार की लापरवाही या दुर्भावनापूर्ण कृत्य को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मांग है कि इस पूरे प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी परीक्षा में ऐसी असंवेदनशीलता दोहराई न जाए।

# जीएसटी चोरी गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**फर्जी फर्मों से 1.74 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , नोएडा पुलिस और सीआरटी टीम ने 1.74 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी में शामिल गिरोह के फरार सदस्य अमित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सेक्टर-58 थाना परिसर से पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया। यह गिरोह फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। पुलिस के अनुसार, मैसर्स के.एस. इंटरप्राइजेज ने 29 जुलाई 2024 को जीएसटी पोर्टल पर ऑनलाइन नंबर प्राप्त किया था। इसके बाद आरोपी अमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर आलम इंटरप्राइजेज, के.एस. इंटरप्राइजेज, सीपी ट्रेडर्स और ट्रेडियोग्राफी जैसी कई फर्जी फर्में बनाई। वर्ष 2024-25 में इन फर्जी फर्मों के जरिए बिना किसी वास्तविक खरीद-फरोख्त के 1,74,11,987 रुपए का बोगस आईजीएसटी क्लेम किया गया। गिरोह ने बोगस इनवर्ड सप्लाई दिखाकर अन्य फर्मों को आउटवर्ड सप्लाई भी दी और इनपुट टैक्स क्रेडिट ( आईटीसी ) अपनी सप्लायर फर्म सीपी ट्रेड को ट्रांसफर किया। मैसर्स के.एस. इंटरप्राइजेज ने अस्तित्वहीन फर्म ट्रेडियोग्राफी से बिना वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किए केवल फर्जी दस्तावेजों का आदान-प्रदान करके इनवॉयस सप्लाई घोषित की और बोगस इनवर्ड सप्लाई के बदले आईटीसी का दावा किया।

# अधिवक्ता को पीटने पर 4 पुलिसकर्मी निलंबित

## नोएडा में भाई की तलाश में घर से उठाकर थाने ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में बिसरख थाना पुलिस पर एक अधिवक्ता को हिरासत में लेकर मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस एक युवक की तलाश में उसके घर पहुंची थी, लेकिन वह नहीं मिला तो उसके अधिवक्ता भाई को ही थाने ले आई। अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखकर पीटा गया। इस मामले में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। यह घटना रात की है। फेस टू क्षेत्र निवासी अधिवक्ता फरीद अहमद, जो सूरजपुर जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं, अपने घर पर परिवार के साथ थे। तभी बिसरख कोतवाली के कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे। पुलिस उनके भाई की तलाश में आई थी, जो किसी अन्य मामले में वांछित था। अधिवक्ता फरीद अहमद का आरोप है कि जब पुलिस को उनका भाई नहीं मिला, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें जबरन घर से उठा लिया। परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिसकर्मी उन्हें पकड़कर थाने ले गए। पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार, बिसरख कोतवाली ले जाने के बाद उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखा गया और उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट के कारण उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान पड़ गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी सहित कई अधिवक्ता बिसरख कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध हिरासत बताते हुए विरोध दर्ज कराया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# नोएडा पुलिस ने 20 हजार बदमाशों का डेटा तैयार किया

## तकनीक पर आधारित यक्ष ऐप को किया लागू, गांव और मोहल्लों की मैपिंग पूरी

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का तेजी से इस्तेमाल कर रही है। पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यक्ष ऐप को लागू किया है। इस ऐप के जरिए अपराधियों, गैंग, हिस्ट्रीशीटर और बीट से जुड़ी जानकारी को डिजिटल रूप में इकट्ठा किया जा रहा है, ताकि अपराधियों पर नजर रखना और एक्शन करना आसान हो सके। 2009 गांव और मोहल्लों की मैपिंग पूरी हो चुकी है। इससक 20 हजार बदमाशों की डिजिटल डेटा तैयार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमिश्नरेट के तीनों जोन में इस ऐप के जरिए तेजी से काम कर रहा है। इस पहल से पुलिस को अपराधियों की सही और अपडेट जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल रही है। इससे अपराध की रोकथाम और पुलिस कार्रवाई दोनों को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। कमिश्नरेट क्षेत्र में कुल 2009 गांव और मोहल्लों की डिजिटल मैपिंग का काम पूरा कर लिया गया है। इस मैपिंग के जरिए हर इलाके की भौगोलिक और प्रशासनिक जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध हो गई है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज हरदोई। घर में लगे बिजली के पंखे को घूमाते समय बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नवा निवासी दिनेश 38 वर्ष पुत्र रामस्वरूप सोमवार की शाम लगभग साढ़े 7 बजे घर में चल रहे पंखा को अपनी ओर मुड़ाने लगा। उसी समय पंखा में आ रहे करेंट की चपेट में आ गया। करेंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर अरुण मोहन ने उसे मृत घोषित किया परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी की मृत्यु कई माह पूर्व हो चुकी थी। वही मृतक का एक पुत्र शिवम, पुत्री ज्योति देवी, उपासना व श्वेता देवी हैं

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित



हमीरपुर ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से फाग गायन कवि सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ सुरेश सिंह भदोरिया ने श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति के गीत प्रस्तुत किया और सुरेंद्र तिवारी ने होली के चटकारे गीत प्रस्तुत किया वहीं कवि दिनेश दुबे ने होली का महत्व बताते हुए गुजियों की मिठास पर होली की खुशियों पर मुक्तक सुनाया हिंदू नव वर्ष के महत्व को बताते हुए चैत्र प्रतिपदा को मानने पर जोर डाला वही फाग मंडली ने फागो का गायन कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया वही सिद्धि द्विवेदी ने भजन गाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया कार्यक्रम में सह नगर संघ चालक पवन ने बौद्धिक देते हुए भारतीय संस्कृति पर बोलते हुए सभी त्योहारों पर प्रकाश डाला होली के विशेष महत्व को बताते हुए इस त्यौहार को पूर्ण समरसता वाला त्यौहार बताया सबको रंग लग जाने के बाद पूरा समाज एक रूप दिखाई देता है वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक धनंजय जी की अगुवाई में फूलों के साथ लोगों ने हर्ष उल्लास के माहौल में फूलों की होली खेली गई सभी लोगों ने एक दूसरे पर जमकर प्रेम और स्नेह से फूल बरसाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल जिला संघ चालक शारदा दीन नगर प्रचारक विवेक नगर कार्यवाह अंकराज, राजन, सहित जिले के राठ हमीरपुर विधायक व पार्टी पदाधिकारी सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित जिला प्रचारक धनंजय ने कवियों को साल भेंट कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से फाग गायन कवि सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ सुरेश सिंह भदोरिया ने श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति के गीत प्रस्तुत किया और सुरेंद्र तिवारी ने होली के चटकारे गीत प्रस्तुत किया वहीं कवि दिनेश दुबे ने होली का महत्व बताते हुए गुजियों की मिठास पर होली की खुशियों पर मुक्तक सुनाया हिंदू नव वर्ष के महत्व को बताते हुए चैत्र प्रतिपदा को मानने पर जोर डाला वही फाग मंडली ने फागो का गायन कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया वही सिद्धि द्विवेदी ने भजन गाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया कार्यक्रम में सह नगर संघ चालक पवन ने बौद्धिक देते हुए भारतीय संस्कृति पर बोलते हुए सभी त्योहारों पर प्रकाश डाला होली के विशेष महत्व को बताते हुए इस त्यौहार को पूर्ण समरसता वाला त्यौहार बताया सबको रंग लग जाने के बाद पूरा समाज एक रूप दिखाई देता है वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक धनंजय जी की अगुवाई में फूलों के साथ लोगों ने हर्ष उल्लास के माहौल में फूलों की होली खेली गई सभी लोगों ने एक दूसरे पर जमकर प्रेम और स्नेह से फूल बरसाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल जिला संघ चालक शारदा दीन नगर प्रचारक विवेक नगर कार्यवाह अंकराज, राजन, सहित जिले के राठ हमीरपुर विधायक व पार्टी पदाधिकारी सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित जिला प्रचारक धनंजय ने कवियों को साल भेंट कर सम्मानित किया।

## दुष्कर्म का वायरल हुआ वीडयो, पीड़िता ने दर्ज करायी एफआईआर

### पुलिस ने तत्परता से आरोपी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कछौना -हरदोई। झांसे में लेकर एक हिन्दू युवती को हवस का शिकार बनाने के बाद दबंग युवक ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल कर दिया। जब पीड़िता के परिजन उलाहना लेकर घर पहुंचे तो आरोपी युवक रिजवान ने अभद्रता क3 साथ पीड़िता के परिजनों को जान माल की धमकी देकर भगा दिया। पीडिता की तहरीर कछौना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी युवक रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती ने रैंसो निवासी युवक रिजवान के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया है। युवती ने बताया कि आरोपी रिजवान बीते एक वर्ष पूर्व उसे शादी के झांसे में लेकर बहला फुसलाकर शारिरिक सबंध बनाये थे। इसका अश्लील वीडियो भी बनाया था। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धम्की देकर आरोपी लगातार शारिरिक सबन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा ।पीड़िता जब इसका विरोध किया तो रिजवान ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। परिजनो को जब इस मामले की भनक लगी बीते 14 मार्च को रिजवान के घर शिकायत लेकर पहुंचे। यहाँ रिजवान ने पीड़िता समेत परिजनों को जान माल की धमकी के साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया। इस मामले के सबन्ध में थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया आईटी एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण की विवेचना बघौली इंस्पेक्टर द्वारा की जा रही है।

## हरदोई पुलिस में महा-धमाकाः कप्तान का 'हंटर' चला, 25 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में भारी फेरबदल!

अमन लेखनी समाचार

हरदोईः पुलिस महकमे में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक के बाद एक तबादलों की दो बड़ी सूचियां जारी हुईं। जिले की कानून व्यवस्था को 'अपडेट' करने के लिए एसपी ने ऐसा चक्रव्यूह रचा कि कईयों के विकेट गिर गए तो कईयों को नई 'पिच' मिल गई।

### शाहाबाद थाने पर 'सर्जिकल स्ट्राइक', 3 सीधे लाइन हाजिर!

इस पूरे फेरबदल में सबसे ज्यादा चर्चा शाहाबाद थाने की है। यहाँ तैनात रक सोमल राय पासवान, हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह और हेड कांस्टेबल जंगबहादुर यादव पर 'प्रशासनिक गाज' गिरी है। इन तीनों को सीधे पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया गया है। विभाग में इसे 'सजा' के तौर पर देखा जा रहा है।

### मैदान में नए 'थानेदार' और सिपाहियों की तैनाती

जहाँ कुछ को लाइन भेजा गया, वहीं कई अधिकारियों को चौकी और थानों की कमान सौंपी गई हैः चौकी प्रभारी बदलेः विनोद गोस्वामी (राघोपुर), प्रदीप पाण्डेय (सरदारगंज), अतुल गुप्ता (रूपापुर), और शिवशंकर मिश्रा (कुरसठ) को नई चौकियों की जिम्मेदारी मिली है। थानों में बदलावः राजेश चौधरी को भडायल, अमित कुमार को हरपालपुर और श्याम बाबू को पिहानी थाने भेजा गया है। सिपाहियों का दांवः गगन सिंह अब मझिला, ग्रीश चन्द्र पाली और सतेन्द्र कुमार मल्लावां थाने में अपना जलवा दिखाएंगे।

### पूरी लिस्टः कौन कहाँ से कहाँ पहुँचा?

सोमल राय पासवान उ०नि० शाहाबाद पुलिस लाइन (गाज गिरी), सत्यवीर सिंह हे०कां० शाहाबाद पुलिस लाइन (गाज गिरी), जंगबहादुर यादव हे०कां० शाहाबाद पुलिस लाइन (गाज गिरी), विनोद गोस्वामी उ०नि० पुलिस लाइन चौकी प्रभारी राधीपुर, प्रदीप पाण्डेय उ०नि० राधीपुर चौकी प्रभारी सरदारगंज, अतुल गुप्ता उ०नि० सरदारगंज चौकी प्रभारी रूपापुर, शिवशंकर मिश्रा उ०नि० रूपापुर चौकी प्रभारी कुरसठ, विनोद कु० शर्मा उ०नि० कुरसठ थाना अतरौली, राजेश चौधरी उ०नि० शाहाबाद चौकी प्रभारी भडायल, अमित कुमार उ०नि० पुलिस लाइन थाना हरपालपुर, श्याम बाबू उ०नि० पुलिस लाइन थाना पिहानी, आशीष त्यागी उ०नि० - थाना पिहानी, राजू प्रसाद उ०नि० पुलिस लाइन प्रभारी उउळ सुरसा, दीपक कुमार उ०नि० हरपालपुर प्रभारी उउळ हरपालपुर, गगन सिंह कां० मल्लावां थाना मझिला, ग्रीश चन्द्र कां० सुरसा थाना पाली, सतेन्द्र कुमार कां० पुलिस लाइन थाना मल्लावां, कप्तान के इस कड़े रुख ने साफ कर दिया है कि जिले में सिर्फ वही टिकेगा जिसका काम बोलेगा। 'लाइन हाजिर' की कार्रवाई ने लापरवाह पुलिसकर्मियों की नींद उड़ा दी है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

### आलोक पाठक को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली

### जिलाध्यक्ष बबलू सिंह की अध्यक्षता में नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



शाहाबाद। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील शाहाबाद के बार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में शाहाबाद के अध्यक्ष के लिए वरिष्ठ पत्रकार आलोक पाठक के नाम की सर्वसम्मति से घोषणा के साथ महामंत्री के लिए प्रभाकर त्रिपाठी और उपाध्यक्ष के लिए अतुल मिश्रा व आशीष अवस्थी के नामों की घोषणा जिलाध्यक्ष की ओर से की गई और नवीन पदाधिकारियों को पदभार देकर जिलाध्यक्ष द्वारा दायित्व निर्वाहन की शपथ दिलाई गई। नगर के मो0 आवास विकास कालोनी में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का जिला हरदोई के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार आलोक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।तहसील सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू ने कहा कि पत्रकार कलम के सिपाही है ।पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से अनेक पीड़ितो को न्याय दिलाते है ।समाज में मीडिया एक सजक प्रहरी के रूप में कार्य करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।बार्षिक सम्मेलन में तहसील की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष ने अध्यक्ष पद पर आलोक कुमार पाठक और महामन्त्री पद पर प्रभाकर त्रिपाठी को पदभार दिये जाने की घोषणा मंच से की ।संरक्षक पद पर दिनेश प्रसाद मिश्रा के साथ अब वरिष्ठ पत्रकार कमलेश मिश्रा और अम्बरीष सक्सेना को जोड़कर उनको सम्मान दिया गया ।इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर अतुल मिश्रा और आशीष अवस्थी को चयनित किया गया ।कोषाध्यक्ष वैभव मिश्रा,संगठन मंत्री दिनेश कुमार मिश्रा,विशाल गुप्ता,संप्रेक्षक अमन पांडे और महेंद्र राणा,मंत्री के लिए अखिलेश गुप्ता,इजहार खा,जनार्दन श्रीवास्तव,अनिल शर्मा,प्रचार मंत्री के लिए सतीश राठौर और अमित त्रिपाठी,संस्था के फोटोग्राफर के लिए कृष्ण पाल के नामो की घोषणा की गई ।एसोसिएशन की कार्यकारिणी में कमलेश त्रिवेदी,सुनील त्रिवेदी,तरंग गुप्ता,जय किशोर मिश्रा,बबलू को चयनित किया गया ।जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि एसोसिएशन पत्रकारो के हितों को सर्वोपरि मानती है और पत्रकार हित में सदैव कार्य करती है ।साथ सभी सम्मानित पत्रकारो को अपने दायित्वों को ध्यान में रखकर अपने पत्रकारिता धर्म का पालन करना चाहिये ।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के हरदोई के संरक्षक मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार आलोक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता एक चुनौती है ।लोगों को अब जनहित के मुद्दों को पढ़ने ने दिलचस्पी रहती है और संगठन में सबको साथ लेकर चलना है ।प्रवीण सिंह राजन ने भी नई कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए इसको पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन बताया ।लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष अशरफ अली खा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन के नवीन पदाधिकारी पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करे ।इस मौके पर संरक्षक दिनेश प्रसाद मिश्रा और कमलेश मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक पाठक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी को साथ लेकर चलने का विश्वास जताया ।इस मौके पर पवन सिंह और अवधेश सिंह भी मौजूद रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झाँसी। गरौठा कोतवाली में मंगलवार को आगामी चैत्र नवरात्रि और ईद उल फितर त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सुनील कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र नाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने बैठक में मौजूद लोगों से त्योहारों की तैयारियों पर चर्चा की। इसमें नवरात्रि के दौरान गिद्धवाहिनी और अंजनी माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों तक जाने वाले रास्तों की स्थिति और ईदगाह तथा मस्जिदों में ईद की नमाज के आयोजन को लेकर जानकारी ली गई। इस दौरान, कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने संभ्रांत नागरिकों और ग्राम प्रधानों से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अनिवार्य है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने सभी से मिलजुल कर त्योहार मनाने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, एडवोकेट अयूब सिद्दीकी, ग्राम प्रधान प्रवेंद्र सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, अनुज कुमार सहित कोतवाली स्टाफ, नगर पंचायत पार्षद, संभ्रांत नागरिक और ग्रामीण क्षेत्र के चौकीदार उपस्थित रहे।

## बिधनू में 11 वर्षीय बच्ची की हत्या, गेहूं के खेत में दफन मिला शव

**लापता होने के बाद सुबह मिला शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका; पुलिस ने पड़ोसी युवक को हिरासत में लिया**

अमन लेखनी समाचार/रुद्र प्रताप सिंह



कानपुर। बिधनू थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार शाम से लापता 11 वर्षीय बच्ची का शव मंगलवार सुबह गांव के पास गेहूं के खेत में दफन अवस्था में बरामद हुआ। बच्ची का शव निर्वस्त्र हालत में मिला और उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### बकरियां चराने गई थी बच्ची

परिजनों के अनुसार बच्ची कक्षा पांच की छात्रा थी और सोमवार शाम घर से बकरियां चराने निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद पुलिस को सूचना दी।

### रातभर चली तलाश, सुबह मिला शव

पुलिस और ग्रामीणों ने रातभर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह खेत में ताजी खुदी मिट्टी देखकर परिजनों को शक हुआ। खुदाई करने पर बच्ची का शव बरामद हुआ, जिसे देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

### फॉरेंसिक टीम जुटी, जांच तेज

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर विपिन ताडा मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शक के आधार पर एक पड़ोसी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण और दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी।

### गांव में आक्रोश, सुरक्षा की मांग

घटना के बाद गांव में आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों ने दोषियों को कड़ी सजा देने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### पुलिस का आश्वासन

अधिकारियों ने कहा है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के नशे में ससुर-दामाद ने की पिटाई, घायल गौशाला केयरटेकर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। थाना कासिमपुर क्षेत्र के बड़ागांव बंतला में गौशाला के केयरटेकर की पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में शामिल ससुर और दामाद को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बंतला बड़ागांव निवासी फूलचंद्र (45) रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे चौराहे पर स्थित शराब ठेके के पास एक किराने की दुकान पर बकाया पैसे देने गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद पड़ोसी गांव झामखेड़ा निवासी चन्द्रा और उसका दामाद दिनेश (निवासी गंज बरौकी, थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव) शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। फूलचंद्र द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर दोनों आरोपियों से कहासुनी हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि ससुर और दामाद ने मिलकर फूलचंद्र को बुरी तरह पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार देर रात करीब नौ बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि पहले दर्ज मारपीट के मुकदमे को अब गैर-इरादतन हत्या (धारा 304) में परिवर्तित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारीयों पर लगाए गंभीर आरोप

### पुनः सर्वे कराकर चकबंदी कराने की डीएम से की मांग

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।कुरारा विकास खंड के उमराहट गांव के ग्रामीणों ने चकबंदी करने वाले अधिकारियों पर पैसा लेकर कीमती जमीनों को चकबन्दी में गलत तरीके से नापने का आरोप लगा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुनः सर्वे करा कर चक दोबारा काटे जाने की मांग को लेकर एडीएम राकेश कुमार को ज्ञापन सौपा है। उमराहट गांव निवासी मनोज कुमार,राजा श्याम सिंह, बाबू सिंह, विपिन कुमार, बलबीर, कामता, मुन्ना, रंजीत, रामदास आदि ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव में चकबन्दी का कार्य किया जा रहा है जिसमें चकबंदी करने वाले अधिकारीयों द्वारा रुपए लेकर भारी अनियमितता की गई है। सड़क किनारे व ट्यूबबेल की जमीनो के गलत तरीके से चक काट दिये गये है। जिससे ट्यूबबेल भी प्रभावित हो गये है। जंगल व गढ्ढो की जमीन वालों से रुपए लेकर सडक किनारे की कीमती जमीन दे दी गई है ।उनकी कीमती जमीन को गढ्ढो मे डाल कर चक काट दिय है। आरोप लगाया कि अधिकारियो ने मनमर्जी से बिना स्थल पर जाये हुये चक काट दिए है। उन्होंने पुनःसर्वे कर चकबंदी कराने की मांग की है।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए आगामी पर्व - थानाध्यक्ष

### चैत्र नवरात्रि एवं ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



ककरवई,झांसी। ककरवई थाना परिसर में मंगलवार शाम 5 बजे थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में आगामी त्योहारों ईद और चैत्र नवरात्रि को लेकर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि त्योहार एकता और सद्भाव के प्रतीक होते हैं, जिन्हें सभी को मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई भी अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थाना पुलिस स्टाफ के अलावा ग्राम प्रधान ककरवई राजेंद्र कुमार तिवारी और ग्राम प्रधान धमनौड सरजू प्रसाद पाठक सहित थाना क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## किसानों की समस्या को लेकर मासिक पंचायत सम्पन्न

### भाकियू ने एडीएम को सौपा सात सूत्री मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू के कार्यकताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में मासिक पंचायत की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी से सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौपा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि जनपद की बेतवा केन नदी में हो रहें बालू के अवैध खनन पर शासनादेश का अनुपालन शक्ति से कराया जाए ।माह के तीसरे बुधवार को होने वाली किसान दिवस कृषि विज्ञान केन्द्र कुरारा के बजाय कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित करने, इस वर्ष गेहूं की बुआई लेट हुई है। खाश तौर पर मौदहा डैम से निकली नहरों द्वारा अंतिम टेल तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है मुश्किल से किसानों को एक ही पानी मिल पाया तथा दूसरा पानी न मिलने के कारण फसले सूखने की कगार में पहुँच चुकी है ।गर्मी की देखते हुए खंडेह गांव में पीने हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने,श्रम प्रवर्तन कार्यालय में पंजीकृत मजदूरों को वर्ष 2020-21 में पुत्री विवाह योजना के अन्तर्गत लम्बित फाइलों का भुगतान करने,बैंक एवं विजली के बकायेदारों के सम्पूर्ण कर्जे माफ करने सहित सात सूत्री मांग की है ।इस मौके पर डॉ भूपेंद्र सिंह भदोरिया, संतोष कुमार निषाद, दयाशंकर,रमाकांत,रज्जू प्रसाद, मुन्ना, पारस सैनी, बालवीर वर्मा, राम रतन सिंह,सोना देवी, शिवकरण मिश्रा आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

मुंबई। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

## लाइफ Style


# प्रियंका

## व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।



## हॉलीवुड मसाला




# भारत में पोस्टपोन हुआ शो

लॉस एंजिल्स। रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।



# यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

लॉस एंजिल्स। फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी मे ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।



# अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

मुंबई। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।



# कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

मुंबई। 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

## टीवी मसाला



# तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी है। हालांकि, लोगों ने यहा चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

## फलक से मांगी गई जन्म कुंडली

नई दिल्ली। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। प्रोडक्शन हाउस



ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।



# शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

मुंबई। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

# 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और



हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।

### दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

### सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

### ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

## लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

# बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

*लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।*

### सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड


98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

### बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

### सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।



### बेस्ट डायरेक्टरः पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

### धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि

*इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, बुगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

### दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबट्र्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबट्र्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।